दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 05:33 ए एम
सूर्यास्तः 07:02 पी एम
तिथिः षष्ठी - 11:27 ए एम तक
नक्षत्रः उत्तराषाढा - 02:37 पी एम तक
योगः शुभ - 03:17 पी एम तक
करणः वणिज - 11:27 ए एम तक
द्वितीय करणः विष्टि - 10:16 पी एम तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः शनिवार

Digital Edition

हिन्दी दैनिक

झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 03 • अंक 133 • पृष्ठ 8 • दुमका, शनिवार 13 मई 2023 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

UDISE Code- 20110108005, JEPC Code- RTE/20/2021-22
Affiliated By Jharkhand Education Project Council
RGS गुरुकुलम
(An Unit of Shatan Ashram)
Bright Future for your Kids
For More Detail : www.rgsgurukulam.com, Email- gurukulamrgs@gmail.com
Dhadhkia, Dumka, Mob.- 8409399342 (Principal), 7903712653 (Vice Principal)

Opening Shortly IX to X JAC Board
Class Nursery to VIII
Medium Hindi & English
Admission Open
School Van Facility Available
For More Detail : www.rgsgurukulam.com

संक्षिप्त समाचार

विधानसभा अध्यक्ष को 16 विधायकों की अयोग्यता पर जल्द फैसला करना चाहिए : उद्धव ठाकरे

महाराष्ट्र के पिछले साल के राजनीतिक संकट को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा महत्वपूर्ण फैसला दिए जाने के एक दिन बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से 16 विधायकों की अयोग्यता पर जल्द से जल्द फैसला लेने की मांग की. एक साल पहले शिवसेना के एकनाथ शिंदे की बगावत की वजह से उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी. शिंदे ने बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर सरकार बनाई और उन्होंने मुख्यमंत्री पद तथा भाजपा के देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली. उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेता अनिल परब ने कहा कि वे अध्यक्ष नार्वेकर को पत्र लिखकर उनसे इस मामले पर जल्द से जल्द फैसला लेने का अनुरोध करेंगे. उद्धव ठाकरे ने कहा कि 16 विधायकों को मिला जीवनदान अस्थायी है क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने 'समय' दिया है और इसकी सीमाएं हैं। अध्यक्ष को जल्द से जल्द इस पर फैसला लेना चाहिए. उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह ठाकरे की अगुवाई वाली एमवीए सरकार को बहाल नहीं कर सकता, क्योंकि उन्होंने पिछले साल जून में शक्ति परीक्षण का सामना किए बिना इस्तीफा दे दिया था. उसने अध्यक्ष को ''उचित अवधि'' के भीतर 16 विधायकों की अयोग्यता पर फैसला करने को कहा.

बिजनेस

बीएसई सेंसेक्स
61,054.29–694.96 (1.13%)
निफ्टी
18,069.00–186.80 (1.02%)

सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित

87.33प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

नई दिल्ली/एजेंसी।

सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए हैं. सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में इस बार 87.33 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं. सीबीएसई विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय डिवीजन नहीं देगा, कोई मेरिट लिस्ट भी जारी नहीं की जाएगी. सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट 2023 को लेकर नोटिस आधिकारिक वेबसाइट, results.cbse.nic.in पर जारी किया गया है. विद्यार्थी, यहां से अपना रिजल्ट देख सकते हैं. इंटरमीडिएट की परीक्षा 15 फरवरी से 5 अप्रैल 2023 तक हुई.

87.33 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इस बार सफलता हासिल की है, जो पिछले साल के मुकाबले 5.38 प्रतिशत कम है. अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड ने विद्यार्थियों के अंकों के आधार पर उन्हें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी देने की प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया है. बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सीबीएसई विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कोई मेरिट लिस्ट घोषित नहीं करेगा. हालांकि, बोर्ड 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्रावीण्यता (मेरिट) प्रमाणपत्र जारी करेगा, जिन्होंने विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं.

पिछले साल सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 92.71 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए थे. इस बार त्रिवेंद्रम जोन 99.91% विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की है. वहीं, कुल मिलाकर लड़कियों (90.68%) का पास% भी लड़कों (84.67%) से 6.01% बेहतर है. 1,12,836 छात्रों ने 90% से ज्यादा और 22,622 के 95% से ज्यादा अंक हासिल किए हैं.

सीबीएसई 12वीं रिजल्ट के बाद 10वीं के नतीजे जारी, पास प्रतिशत 93.12 रहा

सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट 2023 का इंतजार खत्म हो चुका है. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज 12 मई को सीबीएसई 10वीं परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए हैं. जिन छात्रों ने इस साल सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा दी है, वे बोर्ड रजिल्ट सीबीएसई बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in से चेक कर सकते हैं. सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी करने के बाद सीबीएसई 10वीं नतीजों की घोषणा की. सीबीएसई कक्षा 10वीं के रिजल्ट को चेक करने के लिए छात्रों को रोल नंबर का प्रयोग करना होगा. रोल नंबर सीबीएसई द्वारा जारी किए गए एडमिट कार्ड में है. इस साल सीबीएसई 10वीं का पास प्रतिशत 93.12 रहा है. इस साल सीबएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा 21 लाख से अधिक बच्चों ने दी थी. सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा 15 फरवरी से 21 मार्च तक चली थी. सीबीएसई बोर्ड के छात्रों को लंबे समय से अपने बोर्ड रिजल्ट का इंतजार था.

चक्रवात 'मोचा' हुआ 'बेहद गंभीर'

चक्रवात 'मोखा' काफी तेजी से बढ़ रहा

नई दिल्ली/एजेंसी।

चक्रवात 'मोखा' तेजी से बढ़ रहा है और भारत के कई राज्यों पर इसका प्रभाव देखने को मिलेगा. आज मोखा भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है. इसके परिणामस्वरूप 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं भी चल सकती हैं. इसके बांग्लादेश-म्यांमा तट की ओर बढ़ने का अनुमान है. भारत मौसम विज्ञान विभाग की सीनियर साइंटिस्ट मोनिका शर्मा ने बताया कि चक्रवात 'मोखा' अभी सेंट्रल बे ऑफ बंगाल और साउथ ईस्ट बंगाल के पास है. विभाग 27 अप्रैल से इसकी मॉनिटरिंग और वार्निंग इशयू कर रहा है. 13 देशों में बांग्लादेश, म्यांमार के लिए वार्निंग जारी कर रखे हैं. शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि भारत पर मोखा का असर नहीं होगा. हालांकि, ऐसा नहीं है.

मोनिया शर्मा ने बताया कि मछुआरों को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है, ताकि उनका नुकसान ने हो. साउथ अंडमान और दक्षिण बंगाल की खाड़ी को लेकर जारी की गई है. मध्य और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी की तरफ मोखा जाएगा, तो मछुआरे को 12 मई से 14 मई तक यहां नहीं जाना है. अंडमान के टूरिस्ट को लेकर भी एडवाइजरी जारी की गई. वहीं, शिपिंग एक्टिविटी को रेगुलेट करने को कहा गया था.

A TO Z EDUCATION CONSULTANCY (RGD.)
ADMISSION GUIDANCE FOR :
B.ED. SESSION- 2021-23
FEE: 1.5 L (LAST CHANCE FOR TGT)
NURSING- GNM - 1.3 L
SESSION : 2024 ONWARDS
D.PHARMA- 2020-22 (BIHAR)
2.2 L (EXAM AT JUNE)
D.PHARMA- 2023-25 (Bangalore)
FEE: 1.2 L
LLB-SESSION-2020-23
FEE:150 L
CONTACT : (T&C Apply)
9955599136
Magistrate Colony, Bandarjori, Dumka, Jharkhand

नामांकन सूचना (सत्र -2023-25)
तकीपुर प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान
तकीपुर बी.एड. कॉलेज, रानीश्वर, दुमका
Recognize by ERC.NCTE Bhubneshwar
D.El.Ed. (BT), B.Ed.
Affiliation, Examination body J.A.C. Ranchi and S.K.M. University, Dumka
डी.एल.एड. कोर्स (बी.टी) में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

At- Tokipur, P.O.- Sukhjora, P.S. Ranishwar, Dist- Dumka, 814101
Visit us : I www.tokipurptti.org I Tokipurbedcollege.org
Email : I tpt.institute@gmail.com I tokipurbedcollege@gmail.com
Contact us : 9955578079 I 9431367973 I 7070484822 I 7004091899

ASHOKA LIFE CARE
YOUR WAY TO BETTER HEALTH
Nucare Hospital
1st Private Setup in Santhal Paragna
Modular OT
Oxygen Plant

DR. TUSHAR JYOTI
MBBS, M.S. (Ortho) MCh (Ortho)
Senior Orthopaedic Consultant

OUR FACILITY
1. Orthopedics
Joint Replacement
Joint Arthroscopy
Spine Injuries
2. Complex Trauma
3. General Surgery
4. Physiotherapy
5. ICU
6. DR System X-RAY
7. Laboratory Service (Home Collection Serv)
8. Pharmacy

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 5 लाख रु. तक गरीब परिवारों का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा

CALL 7480942213
KUMHAR PARA DUMKA, JHARKHAND

DIKSHA EYE CARE
दीक्षा आई केयर एवं ऑप्टिकल्स
डॉ. दिवाकर वत्स
Post Graduate Ophthalmology
MOMS CHANDIGARH
नेत्र विशेषज्ञ
● कम्प्यूटर मशीन द्वारा आँख जाँच की सुविधा
● फेको मशीन द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा
● एंडोस्कोपीक द्वारा कान, नाक, गला ईलाज की सुविधा
पता : दुर्गा स्थान के पीछे, जिम के बगल में दुमका
मो. : 8709418963

Dipendra Singh
9335448671

R.K. Choudhary
8384831556

RK marbles & tiles

मार्बल & ग्रेनाइट

राजस्थान वाले

रेलवे स्टेशन के सामने, रिंग रोड, दुमका (झारखंड)

सांसद ने कोलकाता में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकत कर रखी अपनी मांगे

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सांसद सुनील सोरेन ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ए. पी. द्विवेदी के साथ एक बैठक की। कोलकाता में हुए इस महत्वपूर्ण बैठक में सांसद ने अपने लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं की बढ़ोतरी को लेकर विचार विमर्श किया। उन्होंने एक मांग पत्र भी जीएम को सौंपा। इस पत्र में सुनील सोरेन ने कहा कि अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता से मुझे रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग की जाती है। जिसे पूरा करना मेरी प्राथमिकता है। सांसद ने जीएम को पत्र देकर कई मांगे रखी, इसमें सबसे महत्वपूर्ण मांग दुमका से नई दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग शामिल है। इसके साथ ही अन्य

कई मांगे रखी है। जिसमें मयूराक्षी एक्सप्रेस का ठहराव शिकारीपाड़ा के पाकदाहा हरिनसिंह पर हो,गोड्डा - सियालदह का ठहराव शिकारीपाड़ा अम्बाजोड़ा स्टेशन पर हो,जामा और बारापलासी स्टेशन जाने के लिए पक्का सड़क का निर्माण हो,दुमका जिले के जामा प्रखंड के भटनिया गांव में रेलवे फाटक नितांत आवशयक है। हमेशा इस स्थान पर दुर्घटना होती है इसलिए यहां रेलवे फाटक की व्यवस्था हो, दुमका, जामताड़ा, विद्यासागर और चितरंजन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड और कोच इंडिकेटर बोर्ड स्थापित किया जाए। साथ ही इन स्टेशनों पर जो ट्रेन रूकती है उसका स्टॉपेज की समय सीमा बढ़ाई जाए ,प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बासुकीनाथ स्टेशन पर आरक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं है। यहां सालों भर श्रद्धालु आते हैं इस वजह से आरक्षण काउंटर की सुविधा बहाल की जाए ,दुमका , जामताड़ा , विद्यासागर चितरंजन और बासुकीनाथ स्टेशनों पर वातानुकूलित लाउंज का निर्माण कराया जाए, बारापलासी स्टेशन पर पर्याप्त लाइट और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ,हावड़ा से खुलने वाली नई दिल्ली के लिए चलने वाली किसी एक्सप्रेस ट्रेन को भाया रामपुरहाट - दुमका से चलाई जाय ,गोड्डा - नई दिल्ली हमसफर ट्रेन का विस्तार दुमका तक किया जाए,भागलपुर - आनंद विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस को दुमका तक एक्सटेंशन किया जाए ,दुमका , जामताड़ा बासुकीनाथ , विद्यासागर स्टेशन पर ऑटो अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था हो।

जागरूकता रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर छात्रों के अभिभावकों को प्रवेश नामांकन हेतु जागरूक करेगा: उपायुक्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। उपायुक्त द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश नामांकन हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर छात्रों के अभिभावकों को प्रवेश नामांकन हेतु जागरूक करेगा। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में दुमका जिला के कस्तूरबा बालिका विद्यालय, दुमका, मॉडल स्कूल, मसलिया,दलाही, प्लस टू जिला स्कूल,दुमका और प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय, दुमका शामिल है। इन सभी विद्यालयों को सीबीएसई मान्यता प्राप्त है। राज्य सरकार के सहयोग से वंचित और गरीब बच्चों को समय की मांग के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार होगा। इन विद्यालयों में अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा प्रदान की जाएगी। निजी स्कूलों के तर्ज पर इन्हें उत्कृष्ट विद्यालय डेवेलप किए गए हैं।

इन विद्यालयों में अत्याधुनिक आधारभूत संरचना, लाइब्रेरी, सांइस लैब, डिजिटल स्मार्ट क्लास, सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा, खेल प्रशिक्षण समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन उत्कृष्ट विद्यालयों के बच्चों को व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बच्चों को एग्रीकल्चर, आईटी, आईटीईएस, अपारेल एण्ड मेडअप एंड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटालिटी समेत अन्य ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दुमका अंबर लकड़ा ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के साथ जिले के सभी पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध

समीक्षा की बैठक की।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को डायन प्रतिषेध अधिनियम के प्रचार प्रसार हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए।कहा कि सड़क सुरक्षा के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए वाहन की जांच करें एवं जागरूकता अभियान चलाते रहे।मोब लिंचिंग ना हो इसके लिए सभी जगहों पर प्रचार प्रसार कर जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान पाया गया कि पिछले माह की तुलना में इस माह में अपराध दर में कमी आई है।इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को पुरस्कृत किया गया।

बीडीओ ने किया पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। रानीश्वर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने शुक्रवार को मनरेगा के सहायक अभियंता कुलमार्तन के साथ गोबिन्दपुर पंचयात का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं के प्रगति का जायजा लिया।बीडीओ ने आमजोड़ा,श्यामपुर एवं

गोबिंदपुर गांव में निर्माणाधीन सिंचाई कूप एवं तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही गोबिन्दपुर गांव में आई सी डी एस मद से चार लाख 63 हजार 512 के लागत पर निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण के प्रगति का भी जायजा लिया। मौके पर बीपीओ गौरव कुमार एवं रोजगार सेवक निर्मल साधु मौजूद थे।

सीबीएसइ 10वीं बोर्ड में एकलव्य विद्यालय, काठीजोरिया का शत प्रतिशत रिजल्ट

55 में से 12 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, निशा टुडू बनी विद्यालय की टॉपर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड में 2023 में प्लस टू एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय, काठीजोरिया की शत प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब एकलव्य मॉडल विद्यालय काठीजोरिया की शत प्रतिशत छात्राएं सीबीएसइ द्वारा आयोजित 10वीं की परीक्षा में सफल रही हैं। विद्यालय की उप प्रचार्य लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह ने बताया कि सीबीएसइ 10वीं बोर्ड की परीक्षा में स्कूल की 55 छात्राएं शामिल हुई थी जिनमें से सभी छात्राएं पास हो गयी हैं। इनमें से 12 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास कर विद्यालय का मान बढ़ाया है जबकि शेष 43 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से पास हुई हैं। 381 अंक (76.2 प्रतिशत) लेकर निशा टुडू विद्यालय की टॉपर रही है। 374 अंक (74.8 प्रतिशत) प्राप्त खुशबु बास्की दूसरे और 354 अंक (70.8 प्रतिशत) लाकर मोनिका हांसदा तीसरे स्थान पर रही है। छात्राओं के शत प्रतिशत सफलता पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती करूणा शर्मा ने छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावकों और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी है। स्कूल के शिक्षक सुखमती सोनार, रिंकी ठाकुर, जहान्वी, सुजाता झा, पुष्पलता झा, संजीता मराण्डी, मरियम, रंजु कुमारी, अनादी गोराई, डीपी गुप्ता, आकाश मंडल, दीनबंधु, मृणालनी हांसदा, पूजा, नारायण सिंह, रजनीश कुमार और नीतेश कुमार आदि ने सीबीएसइ 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के बेहतर रिजल्ट पर छात्राओं को बधाई दी है।

» एकलव्य विद्यालय की टॉप–10 छात्राए

1. निशा टुडू-381 (76.2)
2. खुशबु बास्की - 374 (74.8)
3. मोनिका हांसदा - 354 (70.8)
4. निशा कथरीना हांसदा- 351 (70.2)
5. नेहा सोरेन - 350 (70)
6. रेखा हेम्ब्रम - 347 (69.4)
7. नेहा बास्की- 322 (64.4)
8. प्रमिला बास्की- 318 (63.6)
9. जोसना सोरेन- 316 (63.2)
10. खुशबु किस्कु - 306 (61.2)

बेकाबू ट्रक ने मारी स्विफ्ट डिजायर कार को सामने से टक्कर, कार चालक गंभीर रूप से घायल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर कटनिया गांव के पास शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे ट्रक और स्विफ्ट डिजायर के आमने-सामने की टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों के सहायता से घायल कार चालक को तुरंत फूलो झानो मेडिकल कालेज भेज दिया गया है जहां इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कार में एक ही ब्यक्ति सवार था जो खुद ड्राइव कर रहे था। ब्यक्ति का नाम विशाल पांडे है।जानकारी के अनुसार उनके पिता महारो पावर ग्रिड में काम करते है और वह वहीं रहता है।विशाल किसी काम से हंसडीहा से महारो अपने घर जा रहा था,इस क्रम में कटनिया के पास बेकाबू ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत विशाल पांडेय को फुलों झानो मेडिकल कालेज अस्पताल दुमका भेजवाया।घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे सड़क जाम कर दिया जिससे करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही जामा थाना के एएसआई पी पी शर्मा घटनास्थल पर पहुंच कर जाम छुड़वाने की कोशिश में लग गऐग्रामीणों को ब्रेकर बनवाने का आश्वासन देने पर दो घण्टे बाद जाम हटाया जा सका। ग्रामीणों की मांग थी यहां पर स्पीड ब्रेकर बनवाया जाय।क्योंकि यहां पर एक माह के अंदर तीन दुर्घटना हुई है। जिसमें बीते दिनों 18 अप्रैल को एक ट्रक और बस में टक्कर होने से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।और दूसरी घटना 6 मई को दो भाई बहन हंसडीहा से शादी समारोह से बाईक से लौट रहे थे तभी डंपर के चपेट में आने से घायल हो गए थे। घटनास्थल पर जामा थाना पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझाने बुझाने के बाद जाम हटा लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और ब्रेकर के लिए वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करेंगे।

एक भी बच्चा मिजिल्स रूबेला के टीकाकरण से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रखें

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गई।बैठक में उपायुक्त ने 12 अप्रैल से चलाए जा रहे मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के सफल आयोजन हेतु जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर जिला टास्क फोर्स द्वारा किए जा रहे विभिन्न तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवशयक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत 09 माह से 15 वर्ष तक सभी वर्ग के बच्चों को टीकाकरण दिए जाने से जुड़े विभिन्न कार्यों के अलावा संचालित सभी सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों में लक्षित समूह के लिए टीकाकरण सत्र के आयोजन को लेकर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने शत प्रतिशत टीकाकरण कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान एक भी बच्चा मिजिल्स रूबेला के टीकाकरण से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त ने कहा कि जिस विद्यालय में टीकाकरण कम हुआ है, वैसे विद्यालय के शिक्षक के साथ बैठक करें। सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं बीईईओ आपस में समन्वय स्थापित करते हुए लगातार मोनिटरिंग करें। साथ ही प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत प्रप्ति हो सके। उन्होंने बताया कि खसरा रूबेला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है, इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है।बैठक में सिविल सर्जन, समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

आम आदमी पार्टी की बैठक में दर्जनों लोगों ने थामा पार्टी का दामन, बूथ स्तर तक किया जाएगा पार्टी का विस्तार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। दुमका जिला आम आदमी पार्टी की बैठक शुक्रवार को दुधानी मस्जिद के निकट आयोजित किया गया जिसमें दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।जिला अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश विस्तारित कमिटी की सदस्य सह पार्टी की पूर्व प्रत्याशी मीरू हासदा,दुमका प्रखंड अध्यक्ष मो उसमान अंसारी,युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र हेम्ब्रम,महिला

मोर्चा की अनिता मरांडी आदि नेताओ ने भाग लिया।इस अवसर पर बोकारो से दुमका आये आप के वरिष्ठ नेता माणिक चन्द्र महतो अतिथि के रूप में शामिल हुए।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी की बढ़ रही लोकप्रियता से घबरा गयी है।केंद्र द्वारा ईडी तथा सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।यह बात न्यायालय में प्रमाणित भी हो चुका है।हमारी पार्टी संघर्ष से उपजी पार्टी है।हमारे नेता झूठे आरोपो से घबराने वाले नही है।उन्होंने कहा कि न्यायालय में बहुत जल्द दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।हम दिल्ली और पंजाब के बाद झारखंड में भी सरकार बनाएंगे।झारखण्ड में आम आदमी की पार्टी ही जनता की बुनियादी सुविधओं को उपलब्ध करा सकती है।पिछले दो दशक से राज्य की जनता छली जा रही है।बीजेपी,कांग्रेस तथा झामुमो यहां की जनता को सत्ता के माध्यम से राज्य को लुटती रही है।आप को सत्ता में लाये बगैर राज्य के विकास की कल्पना नही की जा सकती है। बैठक को सम्बोधित करते हुए आप नेत्री मीरू हासदा ने पार्टी की नीति एव झारखण्ड प्रदेश में की जारही संगठन के कार्यो की विस्तार से चर्चा की।अतिथि के रूप में शामिल हुए माणिक चन्द्र महतो ने पार्टी को बूथ स्तर पर विस्तार करने का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया।इधर प्रदेश विस्तारित कमिटी की सदस्य मीरू हासदा के नेतृव में पार्टी के कार्यकताओ ने गांधीनगर मोहल्ले में पार्टी का सदस्यता अभियान चलाकर सैकड़ो लोगो को पार्टी में शामिल कराया।

TO-LET
(3600 sq ft)
GROUND FLOOR
7 room late bath attach
SECOND FLOOR
4 room and 1 hall late bath attach
Address-lakhikundi (bridge left side),Dumka
Contact number-7004213289

संशोधित ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़: शुक्रवार को अमड़ापाड़ा प्रखंड सभागार भवन में संशोधित ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रमुख,पंचायत समिति, उप- प्रमुख पंचायत समिति, पंचायत समिति सदस्य, सभी ग्राम पंचायत के मुखिया, सभी पंचायत सचिव, लेखालिपिक-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर,15 वें वित्त, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में प्रखंड समन्वयक पंचायत राज स्वशासन परिषद द्वारा पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से पंचायत राज विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में सभी ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार कर अपलोड करने हेतु ई०ग्राम स्वराज पोर्टल किये गये सुधार के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।सभी ग्राम पंचायतों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु तैयार किये जा रहे ग्राम पंचायत विकास योजना पंचायत राज विभाग,भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के नौ विषय अर्थात बाल मैत्री पंचायत, गांव में समान लैंगिक विकास, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गाँव, स्वस्थ गाँव,गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, सुशासन एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित में से कम से कम एक या अधिकतम दो विषय जो संकल्प के रूप में वाइब्रेंट ग्राम सभा के पोर्टल पर अपलोड किया गया हो पर आधारित होगा साथ ही चयनित विषयों में ई०ग्राम स्वराज पोर्टल पर सूचीबद्ध योजनाओं की सूची का कम से कम 50 प्रतिशत योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल किया जाना अनिवार्य होगा एवं ग्राम पंचायतों को प्राप्त अनाबद्ध मद की राशि में से कम से कम 25 प्रतिशत स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के नौ विषय में पंचायत द्वारा चयनित किसी एक विषय पर किया जाना अनिवार्य होगा साथ ही सभी ग्राम पंचायत मुखिया,पंचायत सचिव को अनिवार्य रूप से हर तीन महीने पर पंचायत प्रोफाइल ई०ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपडेट करने का निदेश दिया गया साथ ही एम - एक्शनसॉफ्ट द्वारा 15वें वित्त मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं के तीन स्तर के जिओ टैग करने हेतु एवं विभिन्न स्तरों के जिओ टैग के पश्चात ही योजनाओं में भुगतान के बारे में बताया गया। सभी पंचायत सचिव एवं मुखिया को निदेश दिया गया कि अपना डिजिटल सिग्नेचर अपने पास रखते हुए स्वयं उपस्थित रहकर उपयोग कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्यशाला में जुहीप्रिया मरांडी, प्रखंड प्रमु×ख, कुमार देवेश द्विवेदी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, ज़िल्लूर रहमान, प्रभारी प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, सुनील कुमार, सहायक अभियंता, आनंद प्रकाश,प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, जयराज कुमार, कनीय अभियंता, लखीन्द्र रजक, लेखालिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत समिति सदस्य, सभी ग्राम पंचायत मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री के पहल से जलापूर्ति योजना में आई तेजीः शाहिद इकबाल

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के पहल पर 13 साल से अधूरे पड़े शहरी जलापूर्ति योजना जल्द पूरा होगा। झामुमो पूर्व जिला प्रवक्ता शाहिद इ×कबाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के दौरान अन्य समस्याओं के साथ साथ शहरी जलापूर्ति योजना को विशेष रूप से अवगत कराये थे। माननीय मुख्यमंत्री इसे गंभीरता पूर्वक लिया। पाकुड़ में शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य त्वरित गति से चल पड़ा। झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इ×कबाल ने कहा कि चांदपुर पुठिमारी में ढलाई कार्य हो रहा है तीन रूम बनना है। पीएचइडी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता ने कहा कि लगभग चार महीना में शहर में पानी मिलने की आशा है। बंगाल से बिजली का काम होने जा रहा है। पाकुड़ में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, लोग बोरिंग करता है लेकिन कोई जरूरी नहीं है कि पानी मिल जाये।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, जेल में मिल रही सुविधाओं की ली जानकारी

● पुरुष एवं महिला बंदियों की स्थिति से भी हुए अवगत

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने जेल के अंदर के किचन का जायजा लिया बंदियों को दिए जाने वाले भोजन, चिकित्सा संबंधी सुविधा और जेल के अंदर के अस्पताल का भी निरीक्षण की। बंदियों के मिलने वाले विभिन्न सुविधाओं के विषय में कारा अधीक्षक से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुरुष एवं महिला बंदियों के साथ बातचीत की और उनकी समस्याओं और परेशानियों से अवगत हुए। उन्होंने कारागार द्वारा बंदियों को दी जाने वाली भोजन, पीने का स्वच्छ पानी, डॉक्टरी सुविधा, पढ़ाई के लिए शिक्षा सुविधा, दूरभाष की सुविधा एवं अस्पताल वार्ड, बैरक का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों द्वारा रखी गई जायज मांगों पर विचार विमर्श करने के लिए कारागार प्रशासन अधिकारियों को निर्देश दिए। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने पुरुष एवं महिला बंदियों से उनकी शैक्षणिक स्थिति एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर पूछताछ की उन्होंने बंदियों से कहा कि जो भी बंदी कारा अवधि के दौरान प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करना चाहते है। इसके संबंध में जानकारी ली गई। बंदियों के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा करवाया जाएगा। इस दौरान बंदियों के बीच फल एवं पुस्तके का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्ण तिवारी, उपायुक्त वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दनन, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जेल अधीक्षक आशुतोष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन भी उपस्थित थे।

बिचपाड़ी पंचायत के राम घाटी प्राथमिक विद्यालय में रात्रि चौपाल का आयोजन

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत बीचपहाड़ी पंचायत के रामघाटी प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में जिला प्रशासन के निर्देश पर रात्रि चौपाल का आयोजन गुरुवार रात्रि को किया गया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ मनोज कुमार, सीओ किरण डांग प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भारत भूषण भगत, पंचायत के मुखिया सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रात्रि चौपाल में पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आपूर्ति, पेंशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया। रात्रि चौपाल में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण सजग रह कर राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा खुद लाभान्वित होकर और लोगों को भी प्रेरित करें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से रात्रि चौपाल में ग्रामीणों का इलाज एवं स्वास्थ्य संबंधित जरूरी सलाह दिया गया एवं स्टाल भी लगाया गया था। चौपाल में बीडीओ मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों द्वारा व्यक्तिगत समस्याओं को बारी बारी से रखा गया जिसका तत्काल समाधान किया गया। मौके पर सुपरवाइजर, बीपीओ जगदीश पंडित, डॉ गंगा शंकर साह, जेई लालू रविदास, प्रभात दास, केटीएस संजय सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

14 मई को हिरणपुर में जनता दल यू की प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन होगाः गौतम मंडल

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। 14 तारीख को दिन रविवार सुबह 10 बजे हिरणपुर डाक बंगला में जनता दल यू की प्रखंड स्तरीय बैठक किया जाएगा। इस बैठक में हिरणपुर प्रखंड लिट्टीपाड़ा प्रखंड और अमड़ापाड़ा प्रखंड कमेटी का समीक्षा की जाएगी। संगठन विस्तार पर प्रखंड अध्यक्षों से सभी चीज की जानकारी ली जाएगी। सदस्यता अभियान कितना चला है, इस पर भी चर्चा किया जाएगा। संगठन को कैसे आगे बढ़ाया जाए इन सभी मुद्दों पर एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। बहुत जल्द पाकुड़ जिला में प्रदेश के प्रभारी जिला प्रभारी का आने का संकेत प्राप्त हुआ है। उनके आने के बाद पाकुड़ जिला में जनता दलयू पार्टी की जिला कार्यकर्ता सम्मेलन करवाया जाएगा। जिसमें हमारे झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो झारखंड के प्रभारी बिहार सरकार के लोकप्रिय मंत्री अशोक चौधरी झारखंड प्रभारी बेलहर विधानसभा बिहार के लोकप्रिय विधायक माननीय मनोज यादव जिला के प्रभारी सरवन कुमार, पूर्व विधायक कामेश्वर नाथ दास, जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में पाकुड़ जिला में भाग लेंगे। इन सभी विषयों पर हिरणपुर में यदि की प्रखंड स्तरीय बैठक में सभी चीज का बातों को रखने का काम करेगी कि किस तरह संगठन पर है। जिला का प्रोग्राम कैसे हो और कार्यकर्ता सम्मेलन सफल होना चाहिए। जनता दलयू जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने जानकारी दिया।

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता का पाकुड़ में 30 मई को आगमन को लेक र तैयारी में जुटे भाजपा

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता आदित्य साहू का पाकुड़िया प्रखंड आगमन आगामी 30 मई को होने जा रहा है। उपरोक्त जानकारी भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विजय भगत ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि उनके आगमन को लेकर यहां सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके मद्देनजर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तपन कुमार मंडल ने सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी देते हुए तैयारी में अभी से ही जुट जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्यसभा सांसद के पहली बार पाकुड़िया आगमन को लेकर उनके भव्य एवं पारंपरिक स्वागत किये जाने की तैयारी की जा रही है। स्वागत के उपरांत सांसद जी कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे तथा पंचायतवार चुनावी तैयारियों की समीक्षा सहित कार्यकर्ताओं को कुछ आवश्यक टिप्स देंगे। उसके उपरांत राज्यसभा सांसद प्रखंड के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर केंद्रीय योजनाओं के लाभुकों से मिलकर बस्तुस्थिति से अवगत होंगे। इस दौरान जगह जगह तोरणद्वार बनाकर उनका भव्य स्वागत भी किया जायेगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय भगत सहित बृजमोहन चौबे, दीपक साहा, उमाशंकर सिंह, सुखलाल मिर्धा, गोपाल राय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पाकुड़ न्याय सदन परिसर का झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने किया निरीक्षण

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़: शुक्रवार को पाकुड़ न्याय सदन परिसर का झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने किया निरीक्षण। इसके अतिरिक्त न्यायमूर्ति ने डीएलएसए भवन में लगाए गए वाटर फिल्टर, ई सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इसके बाद पौधारोपण भी किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्ण तिवारी, उपायुक्त वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दनन, राकेश कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश, प्रफुल्ल कुमार, मुख्य न्यायाधीश न्यायिक दंडाधिकारी,अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज, अजय कुमार गुड़िया, अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी, कमल प्रकाश न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल भारती, डिस्ट्रिक्टबार एसोसिएशन के सचिव दीपक ओझा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव शिल्पा मुर्मू मौजूद थे।

ग्राम स्तर पर विभिन्न विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़:
स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति पाकुड़ के द्वारा ग्राम स्तर पर विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान-2023 को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता रैली, हाथ धुलाई, पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यालय के बच्चों के बीच स्वच्छता के प्रति जन- जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए अपने गांव को ओडीएफप्लस बनाने को लेकर कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत नवीनगर पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवीनगर में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित बच्चों को जिला समन्वयक (आईईसी) इमरान आलम एवं प्रखंड समन्वयक विश्वदेव शाह के द्वारा बच्चों के बीच स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई जिसमें व्यक्तिगत साफ-सफाई आसपास की साफ-सफाई विद्यालय की साफ-सफाई सामुदायिक स्थलों की साफ-सफाई तथा कचरा प्रबंधन को लेकर बच्चों के बीच शुरुआती दौर से ही घर स्तर पर ही कचरे को अलग-अलग करने की जानकारी दी गई। वही फेस टू अंतर्गत ग्रामों में बनाए जा रहे सोक पिट नाडेप कंपोस्ट पिटवर्मी कंपोस्ट आदि की जानकारी देते हुए उसके इस्तेमाल एवं रखरखाव पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर बच्चों से प्रश्न उत्तरी के माध्यम से स्वच्छता के क्षेत्र में कई अहम जानकारियां दी गई। विशेषकर किशोरियों के बीच महावारी स्वच्छता प्रबंधन की बात करते हुए विद्यालय स्तर पर पैड बैक, साबुन इत्यादि बनाने पर जोर दी गई। वही मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शमशेर आलम के द्वारा स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सिदो कान्हू मुर्मू के प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त, छात्र संघ ने किया सड़क जाम

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़: सिदो कान्हु मुर्मु पार्क के समीप पाकुड़ दुमका मुख्य मार्ग को आदिवासी छात्र संगठन के छात्रों ने सड़क जाम कर दिया दरअसल जाम करने का वजह है की सिद्धु कान्हु मुर्मु पार्क में स्थित सिद्धु कान्हु के मूर्ती के हाथ तोड़ने को लेकर है जिस कारण सड़क को जाम किया है। आपको बता दें की सुबह इसकी जानकारी मिलने पर काफी संख्या मे छात्र संघ समर्थक और स्थानीय लोग वहां पहुंचे और विरोध जताया। वहीँ छात्र संघ के नेता ने इस मूर्ति की जल्द से जल्द मरम्मती कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। साथ ही इन लोगों का कहना है कि जहां भी स्वतंत्रता सेनानी या वीर शहीदों की प्रतिमा लगाई गई है वहां सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की जाए, ताकि दोबारा भविष्य में ऐसी घटनाएं ना घटित हो। फिलहाल सड़क जाम है।

उन्नति आजीविका संसाधन केन्द्र हिरणपुर में सखी मंडल की दीदियों के बीच मुर्गी चूज़ा का वितरण

हिरणपुर(पाकुड़): (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। प्रखंड मुख्यालय अंर्तगत घागरजानी में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित उन्नति आजीविका संसाधन केंद्र परिसर में शुक्रवार को मुर्गी चुज़ा वितरण किया गया। मुर्गी चुजा वितरण में पंचायत के मुखिया नायका सोरेन बीपीएम उज्वल रविदास वाईपी श्वेता कुमारी एफटीसी शंकर तिवारी कंसल्टेंट जीआरसी को ऑर्डिनेटर संजय पाल साथ में सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान सखी मंडल की महिलाओं के बीच मुर्गी चूज़ा का वितरण किया गया मौके पर बीपीएम उज्वल रविदास ने बताया कि सखी मंडल से जुड़कर महिलाओं को लाभ मिल रहा है, साथ ही महिलाएं मुर्गी पालन से आत्मनिर्भर बन रही है। प्रखंड की महिलाएं पशु पालन से जुड़कर अच्छा कमाई कर रही है। वाई पी कुमारी स्वेता ने बताया कि , पहाड़िया समुदाय के सखी मंडल की महिलाएं ज्यादातर पशु पालन पर ही निर्भर है, आजीविका संसाधन केंद्र द्वारा मुर्गी चूज़ा वितरण कर सखी मंडल की महिलाएं की आजीविका को बेहतर करने की दिशा में कार्य कर रही है। मुखिया नायका सोरेन ने कहा कि उन्नति आजीविका संसाधन केन्द्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। जो काफी प्रशंसनीय है।

महिला प्राथमिक स्वालंबी सहयोग समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा सह वर्ष गांठ का किया गया आयोजन

हिरणपुर(पाकुड़): (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। सखी मंडल वर्तमान समय में ग्रामीण महिलाओ के लिए बचत एवं आजीविका संवर्धन का ही नहीं बल्कि समाजिक विकास में अपना योगदान देने के साधन के रूप में भी उभर रहा है। हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत तारापुर पंचायत भवन में शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की बैनर तले घाघरजानी संकुल स्तरीय महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम में सी एल एफ के पदाधिकारियों द्वारा सी एल एफ के वार्षिक हिसाब किताब और विभिन्न आजीविका से जुड़े परिवारों की जानकारी को सभी महिला के सामने प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में परिवार की संख्या का सेचुरेशन, आपूर्ति विभाग से मिलने वाले लाभ, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कोशल योजना के तहत मिलने वाले विभिन्न ट्रेड पर प्रशिक्षण, स्वास्थ्य विभाग से कालाजार, एम आर खसरा का टीकाकरण एवं रोकथाम इंश्योरेंस से लाभ एवं रिन्यूअल, तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं को बताया गया। कार्यक्रम में घाघरजानी संकुल स्तरीय महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड के पदाधिकारी शिला देवी, नाजिमा बीबी, बीपीएम उज्जवल रविदास, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी राम कुमार साह, मुखिया घाघरजानी नाइका सोरेन, मुखिया सुंदरपुर सोनी मोहली स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ तनिमा विश्वास, बिपीओ कुंदन कापरी, वाईपी स्वेता कुमारी तथा अन्य कर्मी तथा विभिन्न कैडर एवं सखी मंडल की महिलाओं ने चढ़ बड़ कर हिस्सा लिया।

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जिला इकाई की बैठक सम्पन्न, राष्ट्रीय अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष की आगमन को ले चर्चा

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़: जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जिला इकाई पाकुड़ की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष हिसाबी राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं वंदे मातरम का सामूहिक गायन के पश्चात बैठक का विधिवत प्रारंभ किया गया। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी का स्वागत किया गया।जिलाध्यक्ष हिसाबी राय ने जिला महासचिव हेतु सुरेंद्र प्रसाद भगत के नाम का घोषणा किया। नवनियुक्त जिला महासचिव सुरेंद्र प्रसाद भगत को संरक्षक अनुग्राहित प्रसाद साह ने माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष श्री राय ने आज की बैठक के विषय की जानकारी देते हुए कहा कि दिनांक 11 जून 2023 को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी राष्ट्रीय संयोजिका ममता सहगल, राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मुरारी, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह का आगमन हो रहा है। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन करने की योजना है।उक्त सम्मेलन में सभी सामाजिक कार्यकर्ता,एनजीओ के प्रतिनिधि,धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि,जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी वर्ग,समाज के गणमान्य लोग एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक श्री साह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन एक सामाजिक संगठन है जो राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या नियंत्रण हेतु कड़ा कानून बनाने की मांग को लेकर आंदोलन चल रही है और देश में जन जागरण हेतु कार्यक्रम चल रही है।आज अपने देश में आबाध गति से जनसंख्या बढ़ रही है।जिसके कारण जनसंख्या का सांप्रदायिक असंतुलन बढ़ रहा है। जिसके कारण देश के दूसरा विभाजन के खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है।आज विश्व के जनसंख्या का 17.77% भाग भारत में निवास करता है। और प्रतिदिन औसतन 40 हजार जनसंख्या बढ़ रही है।आज जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे पहला देश बन चुका है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी ने कहा कि आजादी के समय भारत की जनसंख्या 34 करोड़ और 1951 में 36 करोड़ थी।जो आज 76 वर्षों में बढ़कर 142.86 करोड़ तक पहुंच गई है।जिसके कारण देश में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। सभी समस्याओं का एक ही मात्रा निदान जनसंख्या नियंत्रण हेतु कड़ा कानून ही हो सकता है। पूर्व जिला संयोजक साहेब हांसदा ने कहा कि आज देश में जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन पूरे देश में टू चाइल्ड पॉलिसी पर कम कर रही है।जनसंख्या समाधान फाउंडेशन भारत सरकार से मांग करती है कि देश में जनसंख्या नियंत्रण हेतु कड़ा कानून बने और हम दो हमारे दो और सबके दो को अनिवार्य किया जाए।और टू चाइल्ड पॉलिसी को नहीं मानने वालों पर सजा का प्रावधान और मताधिकार से वंचित करते हुए सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाए। जिसमें पाकुड़ जिला के संरक्षक अनुग्राहित प्रसाद साह,प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद भगत, नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी, युवा विंग के जिलाध्यक्ष अनिकेत गोस्वामी ने विशेष रूप से भाग लिया साथ ही उक्त कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाने हेतु सही प्रखंडों में बैठक करने की योजना बनाई गई। बैठक में सुशील साहा, मोहन मंडल, विवेकानंद तिवारी, रामचंद्र साह, दुर्गा मरांडी, सुलेमान मुर्मू, अशोक प्रसाद, राजेश डोकनियां, रतन प्रसाद साहा, अक्षय मंडल, बहादुर मंडल, मुखिया निपु सरदार, बबलू तुरी, प्रवीण मंडल, सुनील ठाकुर, उत्तम घोष, मानिक ठाकुर, द्वारिकानाथ मंडल, मनोज रजवार, अरविंद गोड़ाई, सूरज हाजरा, पुरुषोत्तम राय, ओम प्रकाश, जुमरानी भुट्टु कुनाई सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

कांथा शिल्प में डिजाइनिंग प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को उपायुक्त ने दिया प्रमाण पत्र

शिल्पियों के लिए दुमका में बनेगा क्राफ्ट रिसोर्स सेंटर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय हस्तशिल्प की ओर से दुमका में दो दो महीने तक चलने वाले अलग-अलग ट्रेनिंग प्रोग्राम समर्थ और डिजाइन डेवलपमेंट वर्कशॉप में सफलतापूर्वक भाग लेने वाली हस्तशिल्पी महिलाओं और प्रशिक्षकों को उपायुक्त दुमका रवि शंकर शुक्ला के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। उपायुक्त के समाहरणालय सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने हस्तशिल्पी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के बाद निरंतर काम करते हुए उत्पादन और मार्केटिंग से जुड़ना जरुरी है, तभी यह प्रशिक्षण सफल और सार्थक होगा। जहां तक हस्तशिल्पियों के लिए वर्कप्लेस की बात है तो जल्द ही आपलोगों उपलब्ध होगा। साथ ही क्राफ्ट रिसोर्स सेंटर की स्थापना को लेकर पहल की जायेगी जिसके लिए केन्द्र और राज्य सरकार के संबंधित विभाग से भी समन्वय स्थापित किया जायेगा। जहां तक मार्केटिंग का सवाल है तो उसके लिए आपलोगों को सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं रहना है बल्कि खुद भी इस दिशा लगातार प्रयास करते रहना है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक भुवन भास्कर ने उपायुक्त दुमका रवि शंकर शुक्ला का शॉल देकर स्वागत किया। इसी क्रम में विकास आयुक्त कार्यालय हस्तशिल्प द्वारा चलाए गए दो अलग-अलग प्रशिक्षण समर्थ और डिजाइन वर्कशॉप के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए भुवन भास्कर सहायक निदेशक हस्तशिल्प देवघर ने कहा कि पहले दो महीने का समर्थ योजना के तहत ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया गया था जिसमें कुल 29 महिलाएं प्रशिक्षित हुई। उसके बाद महिला हस्तशिल्पियों को डिजाइन प्रशिक्षण की आवश्यकता थी जिसके लिए दो महीने के लिए डिजाइन डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कुछ महिलाओं को समर्थ ट्रेनिंग से लिया गया। इस कार्यशाला में हैंड इम्ब्राईडरी कांथा स्टीच से जुड़ी 30 महिला हस्तशिल्पी निफ्ट से प्रशिक्षित डिजाइनर से डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का ट्रेनिंग ले चुकी हैं जिनको आज प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। आशा करता हूं ये प्रशिक्षित महिलाएं बाजार की मांग के अनुरूप नये डिजाइन की हस्तशिल्प की साड़ियां, दुपट्टा एवं सूट तैयार कर अपने को आत्मनिर्भर बनाने का सफल प्रयास करेंगी।कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि जगरनाथ दास महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र दुमका ने कहा कि हस्तशिल्पियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की ओर से जिला उद्योग केंद्र में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं प्रशिक्षित महिलाएं उस स्कीम से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। बस आवशयकता है सफल उद्यमी बनने की। कार्यक्रम में निफ्ट से प्रशिक्षित डिजाइनर सतेन्द्र कुमार, विकास आयुक्त कार्यालय हस्तशिल्प देवघर के प्रशिक्षण अधिकारी रवि जन रौशन, विकास कुमार, जनमत शोध संस्थान के सचिव अशोक सिंह और झारक्राफ्ट की क्लस्टर मैनेजर शिखा आनंद आदि उपस्थित थे।इसके साथ साथ कार्यक्रम में शिल्पी मीनू आनंद, मुख्यमंत्री कुटीर बोर्ड के प्रखण्ड कॉर्डिनेटर ताराचंद, समर्थ प्रशिक्षण में बतौर मास्टर ट्रेनर पुष्पिता दास, एसिस्टेंट ट्रेनर सुष्मिता दास डिजाइन डेवलपमेंट ट्रेनिंग की मास्टर ट्रेनर क्षमा गिलुका सहित लगभग 50 से ऊपर हस्तशिल्पी महिलाओं ने लिया। इस अवसर उनके द्वारा तैयार की गई हस्तशिल्प सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसका अवलोकन भी उपायुक्त ने किया और उनके कार्यों की सराहना भी की।

संक्षिप्त समाचार

सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने वाले लोगों को 30 मई को अंचल कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। जामा प्रखंड क्षेत्र के सरसाबाद भूखंड संख्या 1065 की सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने वाले चिन्हित लोगों को आज शुक्रवार को नोटिस जारी कर अंचलाधिकारी जामा ने 30 मई को अंचल कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है।बता दें कि झारखंड सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के तहत सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है।इसके लिए सरसाबाद महारो में मापी के पश्चात सड़क किनारे जमीन अतिक्रमण हटाने को लेकर सूची जारी की गई थी। जिसमें चिन्हित 15 लोगों को पुनः सूचना भेजी गई है। इसके पूर्व 10 लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है। अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने बताया कि मोज़ा सरसबाद थाना संख्या 29 में प्रभारी अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक और ग्रामीणों के समक्ष दुमका से देवघर पथ का सीमांकन के दौरान अतिक्रमण कारियों का नाम चिन्हित किया गया है। जिसमें उज्जवल सेन,हीरालाल मंडल,जगदीश मंडल, प्रदीप मंडल,जीतन सेन,हाबू सेन,रंजीत सेन,राजू सेन,चंदन सेन,अजय दत्ता,अमित सेन,अशोक सेन ,राजकुमार पटवारी,गोपाल बजाज,और कृष्ण कुमार डोमेनियर को सूचना भेजी गयी है।

अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर अस्पताल की नर्सों को किया सम्मानित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुक्रवार 12 मई को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका की नर्सों को अंगवस्त्र एवं चांकलेट देकर सम्मानित किया गया।धधकिया स्थित सतन आश्रम द्वारा संचालित आरजीएस गुरुकुलम के स्वामी आत्मानंद पुरी के द्वारा सभी नर्सों को सम्मानित किया गया एवं अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी गई।स्वामी आत्मानंद पुरी ने कहा कि 'हमारी नर्सेस हमारा भविष्य' हैं।कोरोना महामारी के दौरान हम सभी ने यह देखा है कि जब दवा काम नहीं कर रही थी,तब सिर्फ सेवा ही काम कर रही थी।सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार ने कहा कि नर्सिंग को सबसे बड़े स्वास्थ्य पेशे के रूप में माना जाता है। नर्सों को शारीरिक,मानसिक और सामाजिक जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित और अनुभवी होना जरूरी है। इस अवसर पर विभास कुमार,अभिषेक रंजन आदि मौजूद थे।

बाराती से भरी स्कॉर्पियो ने मारी पलटी, बाल बाल बचे बाराती

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि),पाकुड़। अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के मालीपाड़ा गांव के डाउन पर बराती से भरी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी मार दिया। इस दुर्घटना से स्कॉर्पियो में सवार बराती बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो जेएच 17 के 3151 नम्बर गोड्डा के सरोनी गांव से अमड़ापाड़ा प्रखंड के बासमती गांव बराती को लेकर जा रहा था अचानक मालीपाड़ा गांव के डाउन पर स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गया और पलटी मार दिया। इस दुर्घटना से कोई भी बराती घायल नहीं हुआ। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस क़द्वारा आवशयक कार्रवाई की जा रही गई।

कोर्ट परिसर मैं महीनों से भटक रही बुजुर्ग महिला को अधिवक्ता जीशान अंसारी ने मीडिया की मदद से उनकी परिवार से मिलाने की पहल की

मधुपुर। मधुपुर अनुमंडल कोर्ट परिसर में एक बुजुर्ग महिला महीनों से भटक रही थी कोर्ट परिसर के दुकानदारों ने उन्हें खाना खिलाते थे उसके बाद बगल आश्रम में उसे रखवाया गया इसके बाद इसकी सूचना अधिवक्ता जीशान अंसारी और रामचंद्र यादव को मिला उन्होंने इसकी खबर मीडिया तक पहुंचाई मीडिया ने जब कोर्ट परिसर में उन महिला से बात की तो उसने अपना नाम बिजौली दत्ता पिता माखनलाल दत्ता बताई उन्होंने कहा मेरे पिता माखनलाल दत्ता स्वतंत्रता सेनानी थे हम लोग चार भाई दो बहन है मैं धनबाद के सिंदरी का रहने वाली हूं जब उनके पिता के बारे में गूगल में सर्च किया गया तो माखनलाल दत्ता का फोटो निकाला गया जब भटकती महिला ने अपने पिता का फोटो देखा तो अचंगा रह गई और कहने लगी कि यह मेरा पिता का फोटो है मुझे अपने पिता तक पहुंचा दो यह मेरा पिता है मुझे अपने पिता से मिलवा दो!

शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की लाश मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार,भेजा गया जेल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। दुमका रामपुरहाट रेल लाइन के सिमलती गांव के समीप रेल पोल संख्या 151 के निकट गुरुवार को मिली युवती की लाश मामले में उसके भाई द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त को अनुसंधानकर्ता ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर आज शुक्रवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि गुरुवार की सुबह शिकारीपाड़ा पुलिस ने गुजीसीमल के निकट से रेलवे ट्रैक से युवती की लाश बरामद की थी जिसकी पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सगरभींगा गांव की मेरीला सोरेन उम्र 17 वर्ष के रूप में हुई थी.मेरीला के भाई राजकुमार सोरेन ने घटना के संदर्भ में एक लिखित बयान दिया था, जिसके अनुसार 10 मई 2023 को रात में खाना खाने के पश्चात वह दूसरे के छत पर सोने के लिए चला गया और उसकी बहन घर के अंदर अपने कमरे में सोने के लिए चली गई सुबह जब वह घर आया तो देखा कि बहन घर में नहीं है काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल रहा था इसी बीच ग्रामीणों द्वारा उसे सूचना मिली की एक अज्ञात युवती का शव गुजीसीमल रेल लाइन के पास पड़ा हुआ है। वह परिजनों एवं ग्रामीणों के साथ जब रेल लाइन पर पहुंचा तो एक लाश थी जिसका सिर दुपट्टा से ढका हुआ था. दुपट्टा हटाने के बाद उसने पाया कि उसकी बहन की ही लाश थी.वहां एक 5 पन्ने का पत्र भी मिला जो उसकी बहन द्वारा ही लिखा गया था। बहन का प्रेम प्रसंग कई बरसो से गांव के ही बाबूधन टुडू 22 वर्ष के साथ चल रहा था. जब उसकी बहन ने उससे शादी करने के लिए कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया.इस बात को लेकर दोनों में बीच-बीच में झगड़ा हुआ करता था एवं बाबू धन उसे प्रताड़ित करता था। बाबूधन द्वारा लगातार प्रताड़ित करने एवं शादी करने से इनकार करने के कारण ही मेरी बहन ने गुजीसीमल के पास अपनी जान दे दी। राजकुमार सोरेन के बयान पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने थाना कांड संख्या 41 /23 दिनांक 11 मई 2023 भादवि की धारा 376 306 एवं4/8 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान कार्य अवर निरीक्षक मनोज करमाली को सुपुर्द किया था.अनुसंधानकर्ता ने तत्परता दिखाते हुए नामजद अभियुक्त बाबूधन टूडू को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।

आनंद मार्ग सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

ईचागढ़। सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के इण्टर कॉलेज तिरूलडीह में शुक्रवार को आनंद मार्ग सेवादल महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन अवधुतीका आनंद चीर मधुरा आचार्य व अवधुतीका आनंद गुणमया आचार्य द्वारा आनंदमूर्ति के चित्र पर पुष्पांजलि देकर व मोम बत्ती जलाकर किया। इण्टर कॉलेज तिरूलडीह के छात्राओं को सेवादल का युनिफॉर्म पर प्राकृतिक आपदा से लोगों को बचाने, सेवा कार्य चलाने, मानसिक, आध्यात्मिक, शारीरिक प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दिया गया। मेडिटेशन के माध्यम से स्वास्थ्य मानसिक व शारीरिक मजबूती प्रदान करने, लोगों का सेवा करने के उद्देशय पर प्रकाश डाला गया। योग से रोग पर नियंत्रण के साथ ही अपने आप को पहचानने का विधा , हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी निभाने में शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम बनाने के विषय पर प्रशिक्षण शिविर में बताया गया। वहीं अवधुतीका आनंद गुणमया आचार्य ने बताया कि आज के परिवेश में बच्चियों को हर क्षेत्र में मजबूती प्रदान करने एवं उसे मानसिक रूप से तैयार करने के उद्देशय से सेवा दल द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार से रूटीन के आधार पर योग, आत्मरक्षा का गुर एवं प्राकृतिक आपदाओं से बचाव व लोगों को बचाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज मोमबत्ती जलाकर व आनंद मुर्ती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्राचार्य उपेन महतो,शिक्षक प्रोफेसर हृदय रंजन महतो आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा सरैयाहाट प्रखंड कमेटी का विस्तार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा दुमका के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव की अध्यक्षता में सरैयाहाट प्रखंड में प्रखंड कमेटी के विस्तार के लिए एक बैठक आयोजित की गई।जिसमें जिला आरक्षण रोस्टर में दुमका जिला में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण शुन्य करने के विरोध और झारखंड में ओबीसी को 27% आरक्षण देने,खतियान आधारित स्थानीय नीति लाने पर चर्चा की गई।इस अवसर पर माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने और जन आंदोलन की रूपरेखा तय की गई।
इस मौके पर सर्वसम्मति से सुदीन प्रसाद यादव को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। निरंजन यादव,विकास शर्मा एवं चंदन कुमार यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गयोशंकर प्रसाद मंडल को महासचिव,संटू शाह को संगठन सचिव,शैलेश कुमार यादव को कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य में सौरभ कुमार,प्रमोद कुमार शर्मा, सरगुन यादव,अनिल कुमार मंडल, जितेंद्र साह,सियाराम यादव, गुंजन यादव,राहुल यादव,मनोज कुमार मंडल,कंचन कुमार को चुना गया।इस अवसर पर जिला संरक्षक संजय जायसवाल,जिला महासचिव जयंत कुमार,जिला उपाध्यक्ष बालमुकुंद प्रसाद यादव,जिला परिषद सदस्य, जिला उपाध्यक्ष शंकर कुमार समेत अन्य गणमान्य उपस्थिति रहे।मंच संचालन अमित कुमार मधुकर ने किया।

अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता मे जिले के अंचल अधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रधान नियुक्ति संबंधी मामले, सीमांकन, अतिक्रमण वाद, प्रधानी पट्टा की संपुष्टि, बंदोबस्ती, हिट एंड रन मामले आदि बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं बैठक मे उपस्थित अंचल अधिकारी/प्रतिनिधि को आवशयक दिशा निर्देश दिया गया।

कृषकों को अपनी क्षमता अनुसार कृषि उत्पादन को बढ़ाना होगा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देशानुसार कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण दुमका की ओर से आज शुक्रवार को काठीकुंड प्रखंड सभागार में चेम्बर ऑफ फार्मर्स एवं कृषक मित्रो का जागरूकता अभियान कार्यक्रम सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।आयोजन में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार,जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद,जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार,उप परियोजना निर्देशक आत्मा संजय कुमार मंडल,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मत्सय पर्यवेक्षक कुणाल मंडल,पौघा संरक्षण निरीक्षक महापद जीशु मरांडी,कृषक मित्र एवं चेंबर ऑफ फार्मर्स के सदस्यगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि कृषको को अपनी क्षमता अनुसार कृषि उत्पादन को बढ़ाना होगा,इसके साथ ही उत्पादन को बाजार मे मार्केट लिंकेज से जोड़ने की आवशयकता है।मूल्यांकन पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने उपस्थित सभी को चेंबर ऑफ फार्मर्स के उद्देशयों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी,वही जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार ने उद्यान विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। उप परियोजना निर्देशक आत्मा संजय कुमार मंडल द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स को मोटा अनाज के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर देने की बात कही गई,कहा कि वर्ष 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है।

पुरानी योजनाओं को बंद करने संबंधी विषयों पर समीक्षा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। उपायुक्त के निदेशानुसार सदर प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, राजेश कुमार सिन्हा द्वारा चैम्बर ऑफ फार्मस के पदाधिकारियों एवं मनरेगा के पदाधिकारी और रोजगार सेवकों के साथ बैठक किया गया। मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना और बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के विषय में चैम्बर ऑफ फार्मस के पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए यह अनुरोध किया गया कि ऐसे किसान जिनके पास 50 डिसमिल या उससे अधिक खेती योग्य जमीन उपलब्ध है, उन्हें बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना का लाभ दिलाने में सहयोग किया जाए। साथ ही ऐसे किसान जिनके पास एक एकड़ से अधिक जमीन उपलब्ध है उन्हें बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ दिलाने में सहयोग किया जाए ।
इसके अतिरिक्त मनरेगा योजना की समीक्षा मनरेगा के सभी पदाधिकारी और रोजगार सेवकों के साथ किया गया। विशेषकर नया आंगनबाड़ी निर्माण, वीर पोटो हो खेल मैदान योजना तथा पुरानी योजनाओं को बंद करने संबंधी विषयों पर समीक्षा किया गया। सभी पदाधिकारियों और रोजगार सेवकों को निश्चित समय सीमा के अन्दर इन योजनाओं को पूर्ण करते हुए बंद करने का निदेश दिया गया । समीक्षा बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता मनरेगा सहित रोजगार सेवक उपस्थित थे।

क्षणिकाएँ

ब्रेक डांस

1.
वो,
ईमानदारी के साथ,
समस्याओं के समाधान में,
विषमता के निदान में,
तत्परता खूब दिखाते है,
सामर्थ्य से कहीं अधिक
जोश दिखाते है,
फ़र्ज़ जताते है;
पर,
यथार्थ में,
खातिर स्वार्थ के,
या भय से,
इरादा बदल दिखाते है,
शर्म नहीं क्यों जो,
कठपुतली की तरह,
औरों के इशारों पर भी,
नाच ब्रेक डांस दिखाते है।

सिद्धांत

2.
वो,
ईमान से,
अवैध धंधों पर,
खनन पर,
ओवर लोडिंग पर,
शिकंजा खूब कसते है,
इलाके में अपने,
बेईमानों की चलती ,
तनिक नही चलने नही देते है;
इस कदर कि,
रिश्वत मिलते ही,
हिस्सा मिलते ही,
सिद्धांत बदल लेते है।

अंकुश

3.
वो,
डायन विशन प्रथा का,
उन्मूलन चाहते है,
महिलाओं के सम्मान में,
कुरीतियों पर,
विरुद्ध व्यवहारों पर,
सख्त नियंत्रण चाहते है;
कैसे यकीं हो,
जब वो,
बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं पर,
गैंग रेप की वारदातों पर,
पाशविक प्रवृत्तियों पर,
अंकुश लगा नही पाते है।

व्यामोह

4.
वो,
अपने को योग्य,
सबसे बड़ा काबिल ,
सक्षम अधिकारी,
पदाधिकारी बताते है,
झूठ बोलने से,
तनिक नही लजाते है,
यकीं मानिये,
बुद्धि विवेक से,
ज्ञान कौशल से,
अनुभवों से ,
काम कोई ढंग का,
समय पर कर नही दिखाते है।

प्रस्तुति

डॉ विनोद कुमार शर्मा,
(नैदानिक मनोवैज्ञानिक)
असिटेंट प्रोफेसर,
विभागाध्यक्ष,
स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग,
सिकामु विवि, दुमका।

उपायुक्त रामनिवास यादव के नेतृत्व में हुआ जिला गंगा समिति की बैठक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

(साहिबगंज)। जिले के समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान गंगा समिति के सदस्यों के साथ नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत आगमी दिनों में जिले में संचालित होने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा के विषय में विचार विमर्श किया गया।इस क्रम में प्राकृतिक खेती के लिए डीपी आर तैयार करने की अधतन स्थिति,अर्थ गंगा का डीपीआर तैयार करने की अधतन स्थिति सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन से संबंधित स्थलों जैसे सिंधी दलान एवं मोती झरना का जीर्णोद्धार एवं प्राकृतिक खेती के लिए डीपीआर तैयार करने की स्थिति पर चर्चा की गई।

वहीं आद्र भूमि संरक्षण हेतु आद्र भूमि के चयन से संबंधित विचार व्यक्त करते हुए समिति के सदस्यों एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी ने आवशयक सुझाव दिए। इस बीच कई स्थलों पर वृक्षारोपण करने के विषय में भी चर्चा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त राम निवास यादव ने स्वच्छ भारत अभियान द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।जहां उन्हें गोबर गैस संयंत्र के सफल प्रयास,कचरा एकत्रित करने,प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन एवं गांव गांव में संचालित हो रही स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत हो रहे गतिविधियों एवं प्रगति की समीक्षा की।वहीं उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट ट्रीटमेंट प्लांट से संबंधित आवशयक निर्देश दिए। जब कि बायोडायवर्सिटी पार्क आदि की जान कारी भी ली। इस क्रम में बताया गया कि शहर में प्लास्टिक मुक्त अभियान अंतर्गत प्लास्टिक की थैलियां ज़ब्त की जा रही है तथा इससे संबंधित जुर्माना भी लगाया गया है।बैठ क के क्रम में उपायुक्त ने हर मंगलवार को आयोजित की जाने वाली गंगा आरती को जारी रखने का निर्देश दिया घाट पर योगा की जान कारी ली। साथ ही गंगा स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए चलंत शौचालय के क्रय से संबंधित विचार विमर्श किया।बैठक के दौरान बताया गया कि 01 से 05 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जहां 5 जून को बांझी स्थित बन रहे तालाब में कार्यक्रम एवं संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर आवशयक चर्चा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने बरसात से पूर्व नालों की कुल साफ सफाई करने का निर्देश दिया जबकि लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान चलाने विद्यालय कॉलेज में गंगा की स्वच्छता से संबंधित वार्ता करने रिवरफ्रंट डेवलपमेंट जिसमें घाटों के विकास तथा रखरखाव सभी नालों को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने आदि पर भी आवशयक चर्चा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त के अलावा वनप्रमंडल पदाधि कारी मनीष तिवारी,उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार,अनुमंडल पदाधिकारी सदर राहुल जी आनंद जी, जिला योजना पदाधि कारी शिशिर पंडित,गंगा समिति के सदस्य श्रीनिवास यादव चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रो0 रंजीत सिंह, संदीप कुमार,स्वच्छ भारत मिशन से आशीष कुमार,जुडको के अभियंता एवं अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

सीबीएसई की 10वीं की बोर्ड परीक्षा में डीएवी के बच्चों ने स्कूल का नाम रौशन किया

School: G.D. DAV Public School
Bhandarkola, Satar Road, Deoghar, Jharkhand
Class X Top 10

C.B.S.E. - ALL INDIA SECONDARY SCHOOL EXAMINATION (MAIN)-2023 REGION: PATNA
SCHOOL : 69358 G. D. DAV PUBLIC SCHOOL BHANDARKOLA SATAR RD DEOGARH JH
Class X 2023 Top 10

Sl. No.	Roll No.	Gen	Name	Total	Maks	Rank	Contact No.
1	22271697	M	SWARAJ DEEP	488	97.6	1	8877588070
2	22271354	M	MISHAL BHARTI	482	96.4	2	8709991890
3	22271680	M	VISHWA RANJAN	481	96.2	3	6200993223
4	22271700	F	TANUSKA KANE	480	96	4	8210494597
5	22271247	M	ANURAG RAJ	479	95.8	5	9431547468
6	22271604	M	NIKHIL NANDAN	479	95.8	5	8709674209
7	22271269	F	ARYA JHA	478	95.6	6	7004162123
8	22271553	M	ARYAN RAJ	478	95.6	6	6205723395
9	22271621	F	PRIYANSHI	478	95.6	6	6205949968
10	22271685	M	VINAY KUMAR JHA	478	95.6	6	8825357325
11	22271655	F	AANVI PATWARI	477	95.4	7	8827249647
12	22271627	M	PIYUSH RAJ	475	95	8	9931956813
13	22271594	M	KRISHNA MURARI	474	94.8	9	7061780901
14	22271568	F	ANUPUPA MANDAL	475	94.6	10	8789055833

सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। डीएवी भण्डारकोला के बच्चों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 58 बच्चों ने 90% से ज्यादा अंक लाए।

डीएवी भण्डारकोला से कुल 515 छात्रों ने परीक्षा दिया था। स्वराज दीप 97.6% अंक प्राप्त कर स्कूल का टॉपर बना, वहीं मिशल भारती 96.4 % और विश्व रंजन 96.2% अंक लाकर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने बच्चों को उनकी सफलता पर आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय का गौरवशाली अतीत रहा है।डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्तृ समिति, नई दिल्ली के प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर, डॉ जे पी शूर, डायरेक्टर पी.एस-1 और एलएमसी के सदस्यों ने दूरभाष पर इस सफलता पर खुशी का इज़हार किया।

पूरनदाहा स्थित तालाब में नाली की पानी पर रोक लगाने की मांग

देवघर। रेड क्रॉस सोसाइटी देवघर एवं देवघर नगर निगम देवघर के द्वारा सत्संग से बाजला चौक जाने वाली बायपास मुख्य पथ पर पुरन दाहा मौजा में अवस्थित बांध की सफाई गई इस अवसर पर जितेश राजपाल चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी देवघर देवनंदन झा उर्फ नूनू झा कार्यकारी सदस्य भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी देवघर के साथ स्थानीय मोहल्ले वासियों मनोज कुमार उर्फ चुन्नू रोहित वर्मा योगेश कुमार राजीव राजीव कुमार रोहित कुमार सोनू कुमार सुदर्शन सुदर्शन कुमार विस कुमार इत्यादि के द्वारा नगर आयुक्त महोदय को उक्त तालाब में रोड किनारे के नाले के पानी के प्रवेश पर रोक लगाने अगल बगल के घरों के नाले के पानी के प्रवेश पर रोक लगाने तालाब की खुदाई करवाने तालाब के चारों और जालीदार घेराबंदी करवाने तालाब के चारों और लाइट लगवाने तालाब में सीढ़ी लगवाने एवं घाट का निर्माण कराने से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया नगर आयुक्त के द्वारा संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र कार्य कराने का आश्वासन दिया गया देवनंदन झा कार्यकारी सदस्य भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी देवघर ने इसकी जानकारी दी।

बासुकीनाथ प्रोड्यूसर कंपनी ने बढ़ाया हाथ मिला रोज़गार का पहला स्रोत

पालोजोरी । शुक्रवार को पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र के कचुवासोली पंचायत अंतर्गत गुलालडीह मोड़ स्थित नाबार्ड व पालोजोरी बासुकीनाथ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बैनर तले कृषक उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ साथ उन्नतिशील विकास को लेकर काम की जा रही थी। वहीं इसी बीच शुक्रवार को गुलालडीह मोड़ स्थित पालोजोरी बासुकीनाथ प्रोड्यूसर कंपनी व नाबार्ड की सहयोग से चौधरी नवाडीह गांव में पेपर प्लेट (पत्तल)बनाने की मशीन बैठाई गई। वहीं इस पेपर प्लेट बनाने वाली मशीन की उद्घाटन को लेकर मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड व श्रीजनी से आनंद कुमार, सौरभ कुमार हलधर जिला समन्वयक प्रभु साह ने फिता काटकर किया। साथ ही उन्होंने कहा की हमलोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए। पेपर प्लेट यानी पत्तल बनाने का निर्णय लिया। साथ ही लोगों को स्वरोजगार जैसे संसाधनों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि इस पेपर प्लेट मशीन की संचालन कर्ता पी बी पी सी एल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर बलराम भंडारी को बनाया गया है। वहीं इस मौके पर कचुवासोली पंचायत के मुखिया राजीव रंजन उर्फ निवास मंडल बीओडी उदय शंकर भंडारी, पंकज कुमार, रंजीत कुमार राय, सुशील किस्कू, उमेश मंडल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

मदर्स इंटरनेशनल के छात्र-छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा में लहराया परचम

तान्या व आयुष का उत्कृष्ट प्रदर्शन



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

मधुपुर। मदर्स इंटरनेशनल अकादमी के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता का परचम लहराया है। विज्ञान संकाय में 180 व वाणिज्य संकाय के 45 छात्र छात्राओं में अधिकांश ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विज्ञान संकाय से तान्या सिंह ने 96.6 प्रतिशत, नफीस हुसैन 96.2 प्रतिशत, मोहित पटवारी 95.8 प्रतिशत, गुड़िया प्रिया 94.8 प्रतिशत और खुशी कुमारी 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप फाइव में शामिल हुए हैं। वाणिज्य संकाय से आयुष बथवाल ने 96.2 प्रतिशत, सृष्टि बथवाल 95.6 प्रतिशत,यश भारद्वाज 94.8 प्रतिशत ,राघव मोहनका 92.2 प्रतिशत और पीयूष कलबलिया ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। मदर्स इंटरनेशनल अकादमी के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया, विद्यालय मैनेजिंग ट्रस्टी सुषमा अग्रवाल, कला संस्कृति निर्देशिका सृष्टि गर्ग सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यालय के शत-प्रतिशत सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विज्ञान संकाय में शगुफा जहां और वाणिज्य में निरंजन कुमार यादव रहे विद्यालय के टॉपर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

मधुपुर। सीबीएसई के द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा हो गई । महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विज्ञान और वाणिज्य संकाय दोनों का परिणाम शत प्रतिशत रहा ।विद्यालय की छात्रा शगुफा जहां विज्ञान संकाय में 96% अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही, वहीं 95% अंक के साथ स्नेहा कुमारी द्वितीय ,93% अंक के साथ अमीषा कुमारी तृतीय, 89.5% अंक के साथ अंकित कुमार चतुर्थ और 89% अंक के साथ आयुष कुमार सिन्हा पंचम स्थान पर रहे। कुल मिलाकर 46 बच्चे द्वादश की विज्ञान संकाय की परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफल घोषित किए गए ।वही वाणिज्य संकाय में कुल मिलाकर 12 बच्चे सम्मिलित हुए, जिसमें निरंजन कुमार यादव ने 88.2% अंक के साथ प्रथम स्थान ,अनूप कुमार चौधरी 86% अंक के साथ दूसरे स्थान पर और 85% अंक के साथ राहुल कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इस संकाय में भी विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

परिणाम प्रकाशन के साथ ही विद्यालय में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर विद्यालय के स्थान प्राप्त बच्चे उपस्थित हुए ।इसके साथ ही विद्यालय के अध्यक्ष सरोज कुमार मिश्रा ,सचिव राजकुमार कोठारी, विद्या विकास समिति के प्रांतीय सदस्य सुबोध कुमार राय, तेरापंथ ट्रस्ट के प्रतिनिधि शिवकुमार बथवाल ,विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन मिश्रा तथा प्रभारी प्रधानाचार्य शिवनाथ झा मौके पर उपस्थित रहे। इन सभी लोगों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी उपस्थित लोगों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

मानक लेखन प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

ईचागढ़ । सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद में भारतीय मानक ब्यूरो जमशेदपुर शाखा द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं को वस्तुओं की गुणवत्ता को पहचानने के लिए किस मानकों का जरूरत होनी चाहिए, विषय पर प्रेसर कुकर पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता विकास दास व मुकेश महतो को प्रथम पुरस्कार एक हजार रूपए, बासंती महतो व ममता महतो को द्वितीय पुरस्कार सात सौ रूपए, प्रधान महतो व नरेश सिंह मुण्डा को त्रितीय पुरस्कार पांच सौ रुपए एवं हेमा लोहरा व कविता महतो को चतुर्थ पुरस्कार ढाई सौ रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। एस आई बी सौरभ राय ने बच्चों को पुरस्कृत किया। सौरभ राय ने कहा कि किसी भी वस्तु की उसका गुणवत्ता को पहचान करने के लिए कुछ मानकों को पहचान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग वस्तुओं को पहचानने के लिए उस विषय पर बच्चों को जानकारी दिया जा रहा है। मौके पर प्रशांत धाड़ा,गुरूचरण कुमार,फनीन्द्र महतो, अतोला अंसारी,गुरूचरण सिंह सरदार, मनीष झां, अंशु कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

जल शक्ति अभियान के सफल संचालन को लेकर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठकं

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार शुक्रवार को उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ताराचन्द की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान के सफल संचालन को लेकर केन्द्रीय व जिला स्तरीय टीम के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला स्तर पर किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी के अलावा एरिया, पॉपुलेशन, रैन्फॉल फोरेस्ट एरिया आदि से जुड़ी विभिन्न जानकारियों से सभी को अवगत कराया।

इसके अलावे इसके अलावा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त डॉ0 कुमार ताराचन्द ने देवघर जिला अन्तर्गत भू-जल स्तर, भू-भाग के हो रहे उपयोग, हाईड्रोलॉजी एवं जियोमोर्फोलॉजी से जुड़ी विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए भूमि जल संरक्षण को लेकर विभिन्न विभागों से किये जाने वाले कार्यों एवं अमृत सरोवर के प्रगति कार्यों कि वास्तुस्थिति से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही केन्द्रीय टीम को जल संरक्षण की दिशा में जिला स्तर पर किये जा रहे कार्यों के अलावा हर घर नल जल योजना को 2024 तक पूर्ण करने की दिशा में किये जा रहे कार्यों से सभी को अवगत कराया। आगे अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण पर किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिला स्तर के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता की टीम को आवशयक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं जल संरक्षण को लेकर जिले में विशेष सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उदेशय से किये जा रहे कार्यों के साथ जिले मे जल से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु लघु सिंचाई कार्यालय में एक जल शक्ति केंद्र का निर्माण किया गया है, ताकि समस्याओं का निराकरण ससमय किया जा सके। इसके अलावे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान केन्द्रीय टीम के सदस्यों द्वारा जानकारी दी गयी कि जिले में चल रहे कार्यों की वास्तुस्थिति को देखने व समझने हेतु टीम के द्वारा दो फेज में निरीक्षण कार्यक्रम सुनिश्चित किया जायेगा।



इस दौरान उपरोक्त के अलावे केन्द्रीय नोडल अधिकारी के0वी0 अजीत, उप सचिव समन्वय, रक्षा उत्पादन विभाग, केंद्रीय तकनीकी अधिकारी, सुश्री राकिया इकबाल, केंद्रीय भूजल बोर्ड, वन प्रमंडल पदाधिकारी राज कुमार साह, प्रतिशक्षु आईएएस अनिमेश रंजन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणबीर सिंह,जिला कृषि पदाधिकारी कमल कुमार कुजूर, जिला मत्स्य पदाधिकारी दिपांकर शीट, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, देवघर संजय प्रसाद एवं कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मधुपुर राहुल प्रियदर्शी, डीसी सेल से सुश्री देवांजली मंडल व छप्पा किरण, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, नगर निगम, मनरेगा, भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

बेरमो : स्टोन क्रशर मालिक पर बिजली चोरी का आरोप, मामला दर्ज

- सहायक विद्युत अभियंता ने पेटरवार थाना प्रभारी को भेजा पत्र

बेरमो । झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक की उपस्थिति में इन दिनों बेरमो अनुमंडल में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के दौरान पेटरवार थाना क्षेत्र के नावाडीह स्थित मां छिन्मस्तिका स्टोन क्रशर में बिजली चोरी करते पकड़ा गया. क्रशर मालिक के नाम रंजीत प्रसाद मेहता है. इनके खिलाफ बिजली विभाग ने मामला दर्ज कराया है. इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता समीर कुमार ने कहा कि इस क्रशर प्लांट के मालिक पर करीब ढाई लाख रुपये पूर्व का बिजली बिल बकाया है. बिल का भुगतान नहीं करने पर विगत वर्ष 2 नवंबर 22 को बिजली कनेक्शन काट दी गई थी. विभाग से अनुमति लिए क्रशर प्लांट में बिजली का उपभोग किया जा रहा था. मालिक पर जुर्माना ठोका गया है. अब उन्हें बकाया और जुर्माना राशि के तौर पर कुल साढ़े नौ लाख रुपये का भुगतान करना पड़ेगा. बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता जगदेव महतो ने पेटरवार थाना प्रभारी को बिजली चोरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर क्रशर मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है।

आदिवासियों को वन विभाग द्वारा उजाड़े जाने के खिलाफ उपायुक्त के समक्ष रखी मांग

- वन विभाग की कार्रवाई पर रोक एवं आदिवासियों को वन भूमि का पट्टा देने की मांग

गिरिडीह। आदिवासी संघर्ष मोर्चा, अखिल भारतीय किसान महासभा तथा भाकपा माले के एक शिष्टमंडल ने आज गिरिडीह के डीसी से मुलाकात कर उनसे वन भूमि पर कई पीढ़ियों से बसे आदिवासियों को वन विभाग द्वारा उजाड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने सहित वन भूमि पर बसे सभी आदिवासियों एवं जरूरतमंद लोगों को जमीन का पट्टा देने की मांग की।

टीम का नेतृत्व किसान महासभा के प्रदेश सचिव राजकुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी मेंबर पूरन महतो,भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा, जय नारायण यादव, मनोज सोरेन, बबुआ सोरेन आदि ने किया।

इस दौरान भाकपा माले की टीम की ओर से डीसी को एक 8 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें उक्त के अलावा वंचित आदिवासी गांवों में सड़क निर्माण, ढिबरा मजदूरों के लिए सोसायटी बनाकर रोजगार उपलब्ध कराने, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को सहारा दिलाने, सभी वृद्ध, विधवा एवं विकलांगों को पेंशन दिलाने की मांग की गई।

उपायुक्त ने रखी गई सभी मांगों को ध्यान से सुना और उस पर सकारात्मक कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

मौके पर माले नेता राजकुमार यादव ने कहा कि यदि आदिवासियों को वन विभाग द्वारा उजाड़ने की कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई गई तो 17 मई को हजारों लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

मौके पर जयनारायण यादव, मनोज सोरेन (पंसस), बबुआ सोरेन, धोमा मुर्मू,अर्जुन किस्कू, चंद्रा बेसरा, लालो बेसरा, बिसुन बेसरा, ननकु किस्कू सहित माले नेता मनोज कुमार यादव, कन्हैया सिंह आदि मौजूद थे।

सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में हो संशोधनः झरीलाल महतो

डुमरी। टेट पास सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष झरीलाल महतो ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में संशोधन हो नहीं तो सड़क से सदन तक विरोध किया जाएगा।झारखंड के माटी की सरकार को सहायक अध्यापकों को छलने एवं उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा।उन्होंने प्रदेश सरकार से सहायक आचार्य की नियुक्ति नियमावली में निम्न संशोधन की मांग की है,जैसे,भारत के नागरिक के स्थान पर झारखंड के मूल स्थानीय निवासी होने, सहायक अध्यापकों को उसकी लंबी सेवा को देखते हुए परीक्षा से मुक्त रखा जाए।सहायक आचार्य नियुक्ति के पश्चात 10 वर्ष के अनुभव के बाद सहायक शिक्षक बनेंगे। जिसके स्थान पर सहायक अध्यापकों के 15 वर्ष से अधिक अनुभव को देखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में सीधे सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया जाए,

सहायक अध्यापक के 50 फीसदी आरक्षण में किसी प्रकार का छेड़छाड़ ना हो,आकलन परीक्षा को शिक्षक पात्रता परीक्षा के समतुल्य दर्जा प्राप्त हो।कहा कि यदि झारखंड सरकार व शिक्षा विभाग दिए गए सुझावों को संशोधन करती है तो सरकार का समर्थन किया जाएगा, नहीं तो सड़क से सदन तक सरकार का विरोध होगा। प्रेस बयान में संजय मेहता, मनोज शर्मा, मजहर आलम, मुख्तार अंसारी, नफीस अख्तर, सज्जाद अंसारी आदि शामिल थे।

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

नवनिर्माण पर है जेजेपी का संगठन, चुनावी वर्ष में नई ऊर्जा के साथ होगा काम : डिप्टी सीएम

हरियाणा/चंडीगढ़, ।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी का संगठन नवनिर्माण पर है और पार्टी के मेहनती साथियों को संगठन में अहम जिम्मेदारियां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मजबूत संगठन चुनावी वर्ष में नई ऊर्जा के साथ काम करेगा। वे शुक्रवार को उचाना हलके के दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि उचाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र को कई सौगातें देने की दिशा में स्वच्छ पेयजल के लिए भा-खड़ा नहर का पानी, उचाना शहर में सर्विस लेन, बस अड्डे का नवीनीकरण, बड़ा इंडोर खेल स्टेडियम, प्रदेश का पहला सोलर पैनल विलेज, गांवों में ई-लाइब्रेरी, फसल खरीद सेंटर जैसी अनेक व्यवस्था करने का कार्य कर रही है। विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों द्वारा डिप्टी सीएम का जोरदार स्वागत किया गया।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हल्कावासियों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 17 गांवों के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 50 करोड़ रुपए की लागत से पाईप लाइन बिछाकर भाखड़ा का नीला पानी दिया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उचाना शहरवासियों की सर्विस लेन की मांग भी पूरी हो जाएगी। इसके साथ ही बस अड्डा के नवीनीकरण के लिए भी 70 लाख रुपए परिवहन विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को दे दिए गए है, इस पर अगले महीने में टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा निखारने के अवसर प्रदान करने करने के लिए एक बड़ा इंडोर खेल स्टेडियम का

निर्माण भी करवाया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र में तीन प्वाइंट चयनित किए गए है जहां भी सभी प्रकार के मापदण्ड व औपचारिकताएं पूरी होगी, वहीं एक जगह इस स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में रकबी व कबड्डी के खिलाड़ियों को भी उचित खेल सुविधा प्रदान करने के लिए उचाना में खेल नर्सरी बनवाने पर विचार किया जा रहा है।उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उचाना के गांव गुरुकुल खेड़ा के प्रत्येक घर में सोलर पैनल लगवाने का कार्य शुरू हो चुका है और अगले तीन-चार महीने में यह कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूरे होने से सोलर पैनल ऊर्जा आपूर्ति के तौर पर गुरुकुल खेड़ा प्रदेश का मॉडल गांव साबित होगा। शुक्रवार को अपने उचाना दौरे के दौरान डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने गांव अलीपुरा, ब्रहामण धर्मशाला उचाना, गुरुकुल खेड़ा, काब्रछा, सुदकैन खुर्द, सुदकैन कलां और लोधर में ग्रामीण सभाओं को संबोधित किया और जन समस्याएं सुनी। उन्होंने प्रत्येक गांव में पंचायतों द्वारा रखी मांगों पर कहा कि नियमानुसार तकनीकी औपचारिकताएं एवं फिजिबिलिटी सही पाए जाने वाले सभी मांगों को पूरा करवा दिया जाएगा। अलीपुरा गांव में मौके पर ही उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने ग्रामीणों की मांग पर उचाना के एसडीएम को परिवार पहचान पत्र व अन्य सुविधाओं के लिए दो दिन विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए। गांव गुरुकुल खेड़ा में ई-लाइब्रेरी और पंचायत द्वारा जमीन देने पर ग्राम सचिवालय के निर्माण की भी घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एसडीएम को निर्देश दिए कि गुरुकुल खेड़ा में चल रहा पंचायती जमीन का मामला तुरंत निपटाएं ताकि पेयजल के लिए टैंक बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। डिप्टी सीएम ने काब्रछा गांव में अगले सीजन के लिए पीआर परचेज सेंटर बनाने की घोषणा की और साथ ही इसकी चारदीवारी के निर्माण के लिए कहा। गांव में ई-लाइब्रेरी, पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर सामुदायिक केन्द्र के निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने इस गांव में बुजुर्गों और दिव्यांगों की पेंशन बनाने के लिए एसडीएम उचाना को दो दिवसीय कैंप लगाने के निर्देश दिए। गांव सुदकैन कलां में ग्रामीणों की मांग पर उपमुख्यमंत्री ने बैंक के कर्मचारी को गांव में ही आकर बुजुर्गों को पेंशन बांटने के लिए कहा। दुष्यंत चौटाला ने सुदकैन कलां में चौपाल को ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए इसके सौंदर्यीकरण के लिए 30 लाख रुपए का अनुदान स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की। इससे पहले चौपाल निर्माण के लिए दस लाख रूपये की अनुदान राशि दी जा चुकी है। दुष्यंत चौटाला ने सुदकैन कलां में जल्द ही ई-लाइब्रेरी बनाने और स्वच्छ पेयजल के अधिकारियों को प्रपोजल बनाकर भेजने के लिए कहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक पिरथी नंबरदार, जेजेपी हलका प्रधान विश्ववीर उर्फ काला नम्बरदार, शमशेर नंगूरा, उपमुख्यमंत्री के निजी सचिव प्रो जगदीश सिहाग, युवा प्रधान बिट्टू नैन, साहब राम छातर, जोरा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

वहीं शनिवार को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जींद और नरवाना के दौरे पर रहेंगे। वे यहां गांव ढाकल, पिपलथा में ग्रामीणों को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वे नरवाना में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इन कार्यक्रमों के बाद उपमुख्यमंत्री गांव खरल, धमतान साहिब और फुलियां कलां में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे जन समस्याएं भी सुनेंगे।

संक्षिप्त समाचार

मंजीत सहदेव हुए अध्यक्ष नियुक्त

हरियाणा/चंडीगढ़,। मीडिया कर्मियों की प्रतिष्ठा संस्था मीडिया वेल बींइग द्वारा मंजीत सहदेव को चंडीगढ़ यूनिट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस बात की जानकारी मीडिया वेल बींइग के स्टेट अध्यक्ष चन्द्रशेखर धरणी द्वारा दी गई है ।उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ की यूनिट की कार्यकारिणी 10 दिन के भीतर बनाई जाएगी ।संस्था द्वारा मीडिया के लोगों की समस्याओं को प्रशासन तक लेकर जाना और उन्हें हल करवाने के अलावा उनकी अन्य समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा ।मंजीत सहदेव लंबे समय से मीडिया से जुड़े हुए हैं ।



दीप भाटिया बने हरियाणा मानवाधिकार आयोग के कार्यकारी चेयरमैन

हरियाणा/चंडीगढ़,। दीप भाटिया हरियाणा मानवाधिकार आयोग के कार्यकारी चेयरमैन बनाए गए।पहले से ही हरियाणा मानवाधिकार आयोग के सदस्य के रूप में कार्यरत है।अब हरियाणा सरकार ने दीप भाटिया को सौंपी कार्यकारी चेयरमैन की जिम्मेवारी।फरीदाबाद के रहने वाले है दीप भाटिया।

दीप भाटिया से पहले हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे।दीप भाटिया हरियाणा स्पोर्ट्स काउंसिल के प्रथम कार्यकारी उपाध्यक्ष व सरकार के अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

भाटिया हाई कोर्ट के साथ साथ सुप्रीम कोर्ट में भी वकालत कर चुके है।केंद्र और हरियाणा सरकार के कई विभागों के लिए भी विभिन्न अदालतो में केस लड़ चुके है।दीप भाटिया वकालत के साथ साथ शूटिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट और फुटबॉल जैसे खेलो में भी सक्रिय भूमिका निभाते है तथा दुनिया के कई देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है।

मोरनी में जनस्वास्थ्य विभाग की अदूरदर्शिता से जल संकट हुआ विकट, करोड़ों की जल के योजनाओ के बावजूद कुप्रबंधन के चलते विभाग के पास पूरे हफ्ते पानी सप्लाई का प्रबंध तक नही

हरियाणा/चंडीगढ़,। मोरनी इलाका के लिए करोड़ों की जल योजनाओं के बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग के कुप्रबंधन के चलते पर्वतीय इलाके मोरनी में आधी मई में ही जनस्वास्थ्य विभाग का जलवितरण सिस्टम बुरी तरह हांफ गया है। अब महकमे के पास लोगो को पूरे हफ्ते पेयजल तक देने के लिए पानी का प्रबंध नही है। और महकमे ने पानी पूरे हफ्ते देने में असमर्थता जता हाथ जोड़ लिए है।मोरनी में मुख्य जल स्त्रोत घग्घर नदी में आसपास फार्म हाउस बनाए बैठे और कुछ स्थानीय लोगो ने नदी से मोटर लगा पानी उठा लिया है। और विभाग द्वारा दो दर्जन से अधिक, करोड़ो की जल योजनाओं पर खूब पैसा उड़ाने के बावजूद मई के आधे माह में ही पूरे हफ्ते पेयजल उपलब्ध करवाने में बेबसी का ढोल बजाना शुरू कर दिया है। जबकि लोगो का कहना है की जितना पैसा सरकार ने यहां पेयजल प्रबंधन के लिए दिया उतना पैसा खर्च कर यहां पंचकूला से पानी पहुंच जाता। लगातार आरोप लगते रहे की यहां स्थानीय स्तर के अधिकारी और विभाग के आला अधिकारियों ने कोई जिम्मेवारी समय रहते नही समझी और स्थानीय लोगो को पेयजल उपलब्ध करवाने को लेकर कोई ठोस कार्ययोजना नही बनाई। बस यहां तैनात अधिकारी ने केवल प्राइवेट होटलों और प्रभावशाली लोगो के फार्मों को पानी देने में ही समय दिया । आम जनता को सुनवाई की तरफ कोई ध्यान नही दिया।

इलाका के लोगो का आरोप है की मोरनी हेडक्वार्टर पर मोरनी प्रभारी जे ई केवल कुछ खास दिन ही आते है। जबकि उनको पूरे हफ्ते हेड क्वार्टर पर मौजूद रहना चाहिए।

विभाग के कार्यकारी अभियंता तो किसी की सुनवाई के लिए फोन तक नही अटेंड करते। यहां की जो पेयजल की सप्लाई चलती भी है

सम्मान पाकर माताएं हुई गदगद

प्रणाम इंडिया फाउंडेशन ने गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सेक्टर 10/21 पंचकूला के बच्चों की माताओं संग मनाया मदर्स डे,संस्था प्रमुख शालू गुप्ता ने माताओं और शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

हरियाणा/चंडीगढ़,।

प्रणाम इंडिया फाउंडेशन ने गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल, सेक्टर 10/21, पंचकूला के साथ मिलकर मदर्स डे का आयोजन किया गया। जिसमे फाउंडेशन की प्रमुख शालू गुप्ता ने सभी मदर्स को जागरूक करते हुए कहा की सरकार सरकारी स्कूलो में बेहतरीन सुविधाएं देने के साथ प्राइवेट स्कूलों से अच्छा शिक्षण माहौल देने में जुटी है। बस बच्चो को लंबी छुटिया न करवाए।

प्रणाम इंडिया फाउंडेशन एक समाज विकास प्रेरित संगठन है, जो समाज को सशक्त और समर्थ बनाने में सहयोग देता है।इसकी संस्थापक पंचकुला की जानी मानी समाज सेविका शालू गुप्ता है। जो हमेशा से समाज के उत्थान में अपने एनजीओ के साथ तत्पर रहती है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल, सेक्टर 10/21, पंचकुला के साथ मिलकर मदर्स डे का आयोजन किया गया। शालू गुप्ता ने बताया की सरकारी स्कूल में मदर्स डे मनाने का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की माताओं को सम्मानित करना है जो अपने बच्चों को शिक्षा देने के लिए बहुत मेहनत कर रही है। कुछ मम्मियाँ सिलाई करके तो कुछ घर घर जा कर सफ़ाई का काम करके अपने बच्चों को स्कूल भेज रही है और यह बच्चें भी अपनी अपनी क्लास में अव्वल आ रहे है। प्रणाम इंडिया फाउंडेशन ने स्कूल टीचर्स और चुनी गई 15 माताओं को प्रणाम और सम्मान करते हुए मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर फाउंडेशन ने शिक्षिका दिनेश मेंहदीरता, हरिंद्र कौर,सुनीता शर्मा,विनीता भंडारी,रमेश पुनिया तथा प्रतिभा शर्मा को सम्मानित किया।

स्कूल के प्रभारी मुखिया कृष्ण मेहता ने भी सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएँ दी और स्कूल की तरफ़ से सभी माताओं को लंच करवाया गया।

ऑटो मार्केट सेक्टर 28 डी चंडीगढ़ में किया 49 युवायों ने रक्तदान

हरियाणा/चंडीगढ़,।

मदर्स डे के उपलक्ष्य पर गोयल ऑटोलाइंस व विश्वास फाउंडेशन, पंचकूला ने संयुक्त रूप से मिलकर गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से आज शुक्रवार को एससीएफ 132 के सामने ऑटो मार्केट सेक्टर 28डी चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय श्रीमती कमला देवी जी की याद में लगाया गया। इस ब्लड डोनेशन कैम्प में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी यूटी चंडीगढ़ व पंजाब स्टेट चंडीगढ़ ने एहम भूमिका निभाई। ब्लड बैंक पीजीआई चंडीगढ़ की टीम ने डॉक्टर अनुभव अग्रवाल की देखरेख में 49 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर का उद्घाटन श्री टेक चंद गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर उनके साथ रमेश गोयल, तरसेम गोयल, अशोक गोयल, पवन गोयल व मार्केट के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। इसके साथ साथ गोयल ऑटोलाइंस द्वारा 800 लोगों के लिए भोजन भंडारे की भी व्यवस्था की गई। अशोक गोयल व पवन गोयल ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवशय ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है।

इस रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि मोहित विश्वास, रमेश सुमन, वरीन्द्र कुमार गांधी, विकास कुँवर व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी पंजाब स्टेट चंडीगढ़ से राकेश कुमारी, ब्लड बैंक के डॉक्टर व अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

आप द्वारा कॉलोनीयों में मकान सील करने के ख़लिाफ़ धरना प्रदर्शन,पार्षद पूनम ने उप आयुक्त को दिया ज्ञापन

हरियाणा/चंडीगढ़,। आज वार्ड नं 16 से आम आदमी पार्टी की पार्षद पूनम संदीप कुमार सेक्टर 25 कलोनी के लोगों के साथ मिलकर प्रशासन द्वारा कॉलोनी में लोगों के मकान सील करने के नोटिस के विरोध में धरने पर बैठ गए। पिछले कुछ दिनों से एस्टेट आफिस की और से लोगों के मकान सील करने की करवाही की जा रही थी, जिसे लेकर यहां के लोगों मैं काफी रोष था। इसी को लेकर आज कालोनी वालों को साथ लेकर सेक्टर 25 की लाइटों पर भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए।जैसे ही सड़क जाम करने की बात सरकारी अधिकारीयों और पुलिस अधिकारियो को मिली तो उन्होंने आला अधिकारियों को इस विषय में जानकारी दी। मौके पर पहुंचे डी एस पी श्री गुरमुख सिंह, सेक्टर 11 एस एच ओ श्री जसबीर सिंह, चौंकी इंचार्ज श्री रवदीप भारी संख्या में दल बल के साथ मौजूद रहे। डी एस पी श्री गुरमुख सिंह ने उप आयुक्त श्री विनय प्रताप सिंह को फोन करके मौके की जानकारी दी। तभी उप आयुक्त ऑफिस की और से लोगों को मिलने के लिए आफिस बुलाया गया।

आम आदमी पार्टी नेता प्रेम गर्ग की अध्यक्षता में पार्टी पार्षद पूनम संदीप कुमार, जसविंदर कौर, ने-हा, राम चन्द्र यादव, योगेश धींग्रा के साथ कॉलोनी के लोग उप आयुक्त से मिले और डीसी साहिब की और से आश्वासन दिया गया है कि सभी जायज़ माँगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और कुछ ही दिनों में कॉलोनी में कैंप लगाकर लोगों की मुश्किलों का जायज़ा लिया जाएगा।

प्रेम गर्ग ने डिप्टी कमिश्नर श्री विनय प्रताप सिंह को बताया के कॉलोनीयों मैं आधे से ज़्यादा मकान या तो बिक चुके हैं या वो लोग रह रहे हैं जिनके नाम ये घर अवतरित नहीं हुए थे। इसलिए इतने हज़ारों लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई करना उचित नहीं होगा।और इसका कोई मानवीय समाधान ढूंढना चाहिए। जिन लोगों के मकान सील किए जा चूके है , वो कोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं, डीसी साहब की और से आश्वासन दिया गया है कि जिन लोगों को किस्त पुरी हो चुकी है,जुन के महीने में आपके यहां कैंप लगाया जायगा जिनकी किस्त पुरी हो चुकी है उन सभी लोगों के लिए आगे के लिए पालिसी बनाने पर विचार किया जायेगा। एसडीएम संयम गर्ग भी उपस्थित रहे।

जल संकट के कारण मोरनी में सप्ताह में दो दिन पानी की कटौती लोगों से सहयोग की अपील

हरियाणा/चंडीगढ़,।

खंड मोरनी में पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत घग्घर नदी का बूस्टर स्टेशन है। जहां से खंड की अधिकतर पंचायतों में पानी की सप्लाई दी जाती है। लेकिन जल स्तर घटते जाने व पानी की खपत बढ़ जाने व गर्मी के कारण नदी में पीने योग्य पानी मे दिन प्रतिदिन कमी होती जा रही है। इस जल संकट से बचने का जागरूकता ही एक मात्र उपाय है यह जानकारी मोरनी चैंबर पर स्टाफ के साथ मीटिंग करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के रायपुर रानी मंडल अभियंता विनोद कुमार सैनी ने दी। उन्होंने स्टाफ को जल संरक्षण एवं जल वितरण में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए तथा पंचायतों में एरिया के हिसाब से आवशयकता अनुसार ही पानी की सप्लाई देने की सलाह दी।

इसके साथ उन्होंने मोरनी वासियों से पानी का प्रयोग जरूरत के अनुसार ही करने की अपील की । उन्होंने लोगों से जल संकट के समय मे सहयोग करने के लिए अपील की व कहा की वो पानी को स्टोर करके रखे व जरूरत है अनुसार कम से कम पानी से अधिक से अधिक काम ले। ताकि पानी की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने मोरनी की सप्लाई सप्ताह में दी दिन की कटौती करते हुए चार दिन की सप्लाई करने के निर्देश दिए । इसके साथ साथ उन्होंने गर्मी के मौसम को मध्यनजर रखते हुए फील्ड स्टाफ को चेताया कि पानी की सभी लाइने समय अनुसार रिपेयर हो तथा कहीं की भी सप्लाई बाधित न हो । उन्होंने कहा कि जल वितरण प्रणाली का दुरुस्त होना आधी समस्या का समाधान है। इस अवसर पर एस डी ओ विनोद सैनी जी के साथ कनिष्क अभियंता पराग शर्मा, बी आर सी सुभाष चंद्र, अजमेर सिंह, हेमलता, कुशल, राम लाल , प्रीतम सिंह आदि उपस्थित रहे।

- **पूर्व सरपंच सुरेश राणा का सुझावः**

पूर्व सरपंच सुरेश राणा ने कहा की शेरला ताल से जाने वाली सप्लाई जिन जिन पंचायतों में जाती है उन सरपंचों से विशेषकर आग्रह है कि ताल में पिछले वर्ष ट्यूबवेल के लिए बजट दिया है और जिस ट्यूबवेल के लगने से वहां की सप्लाई की दिक्कत दूर हो जाती। लेकिन जमीन के कारण उसको बंद करवा दिया गया था और वह जमीन शामलात बताई जाती है और अब शामलात जमीन के हकदार पंचायत हैं। कृपया जहां जहां ही सप्लाई जाती है वह सभी सरपंच मिलकर इस विषय को गंभीरता से लें और उस ट्यूबेल को लगवाने का प्रयास करें। ताकि हमारे एरिया में पीने के पानी की समस्या दूर हो सके। आप सभी को हर रोज फोन आते होंगे पानी के लिए क्योंकि ताल का पानी खाली होने से पानी का संकट आ गया है। और जब हम विभाग के अधिकारियों को कहते हैं कि गांव में पानी की कमी आ गई या पानी दो तो वह यही कहते हैं कि हम क्या कर सकते हैं, हमने पिछले साल भी ट्यूबवेल लगाने का प्रयास किया। लेकिन उसको बंद करवा दिया गया। अगर वहां पर सहमति हो जाए तो हम ट्यूबवेल का कार्य अगले दिन चालू कर देंगे। सुरेश राणा ने कहा की यह अधिकारी कहते हैं तो कृपया करके इस समस्या को निपटा जाए यह हम सब का कर्तव्य बनता है किसी विशेष व्यक्ति का कार्य नहीं है।

- **सरपंच मनोज कुमार ने कहाः**

» सरपंच मनोज कुमार ने बताया की आजकल सबसे ज्यादा समस्या पानी की है जो कि भयंकर समस्या है कल हम ओमप्रकाश देवीनगर से मिले और उन्हें पानी की समस्या बताई कि हर साल गर्मियों में पानी की समस्या सेरला ताल से आ जाती है शेरला में टैंकर के माध्यम से पानी गेरा जाता है तो उन्होंने तभी एक्शन साहब को फोन किया और टैंकर से पानी गेरने को कहा एक्शन साहब ने कहा कि ठीक है जल्द से टैंकर से पानी गिरना चालू हो जाएगा।

अमेरिका में प्रवासियों की एंट्री पर रोक का टाइटल-42 खत्म:मैक्सिको बॉर्डर पार करने लगी भीड़, सरकार को रोजाना 13 हजार लोग आने का डर

अमेरिका में कोरोना के दौरान प्रवासियों की एंट्री पर प्रतिबंध लागने वाले टाइटल 42 की सीमा आज खत्म हो गई है। इसके तहत अमेरिकी सरकार ने कई प्रवासियों को वापस अपने मुल्क भेज दिया था।

वहीं, आज इसके खत्म होने के बाद से अमेरिका-मैक्सिको के बॉर्डर पर लोगों की भीड़ जुटने लगी है। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक टाइटल 42 खत्म होने के बावजूद बॉर्डर बंद रखे गए हैं। इमिग्रेशन सेंटरों पर प्रवासियों की भीड़ जुट गई है।

सरकार को रोजाना 13 हजार प्रवासियों के बॉर्डर पार करने का डर

कई प्रवासी रियो ग्रांदे नदी को पार करने की मशक्कत में जुटे हैं। प्रवासी बच्चों को सिर पर लादकर और सामान लिए आगे बढ़ रहे हैं। जबकि कुछ कंटीली तार पार कर अमेरिका में दाखिल होने की कोशिश कर रहे हैं।

टाइटल 42 खत्म होने के बाद सरकार को डर है कि रोजना 13 हजार लोग बॉर्डर पार करेंगे। जो पहले के मुकाबले 67 हजार ज्यादा होगी। वहीं टाइटल की समय सीमा खत्म होने से पहले बाइडेन ने बॉर्डर पर 1500 सैनिक तैनात कर दिए। व्हाइट हाउस ने जानकारी दी कि वो कई महीनों से इस दिन की तैयारी करने में लगे थे।

अमेरिका में पिछले 11 सालों में भारतीय प्रवासियों की तादाद डेढ़ गुना ज्यादा हो गई है। अमेरिका लंबे समय से भारतीयों के लिए सबसे पसंदीदा देश रहा है। हालत ये हो गए हैं कि यहां पहुंचने के लिए लोग गलत रास्ता अपनाने लगे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2012 से 2022 के बीच मेक्सिको के जरिए अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय प्रवासियों की संख्या में 100 गुना बढ़ोतरी हुई है।

साल 2012 में अमेरिका की कस्टम और बॉर्डर पेट्रोल पुलिस ने 642 ऐसे मामले दर्ज किए थे जिनमें भारतीय प्रवासियों ने गैर कानूनी तरीके से मैक्सिको के जरिए अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश की थी। जबकि साल 2022 में ये संख्या बढ़कर 63927 हो गई है।

इमरान खान तो जेल गए, पाकिस्तान में अब क्या होगा ?

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया और पूर्व पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी हो चुकी है और नतीजे के तौर पर कराची से क्वेटा तक पाकिस्तान जल रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आगे की पटकथा कौन लिखेगा? पाकिस्तान की सेना या जनता? यदि जनता ने लिखा तो पाकिस्तान सेना के 'इतिहास का अंत' हो जाएगा और ऐसा वह किसी कीमत पर होने नहीं देगी। तो क्या पाकिस्तान एक फिर मार्शल लॉ की गिरफ्त में होगा?

सेना से रस्साकशी

पहले समझते हैं इमरान की गिरफ्तारी से जुड़ी गुत्थियां।

-इमरान खान की मंगलवार को हुई गिरफ्तारी नेशनल एकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (नैब) द्वारा 1 मई को जारी किए गए वॉरंट के तहत हुई है, जिसमें उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं।

-यह गिरफ्तारी अल कादिर ट्रस्ट मामले में हुई है, जिसके ट्रस्टी इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी हैं।

-अल कादिर ट्रस्ट मामला तत्कालीन इमरान खान सरकार में एक रियल एस्टेट कारोबारी के साथ हुए समझौते से जुड़ा है, जिससे सरकारी खजाने को करीब 19 करोड़ पाउंड की क्षति हुई।

-इमरान खान के खिलाफयह अकेला मामला नहीं है। अपदस्थ होने के बाद से उन पर सवा सौ के आसपास मुकदमे दर्ज हुए हैं जिनमें भ्रष्टाचार, राजद्रोह, आतंकवाद, ईशनिंदा जैसे आरोप भी शामिल हैं। ये मुकदमे उन्हें जेल पहुंचाने के लिए ही नहीं, राजनीति से बाहर करने के लिए भी पर्याप्त हैं।

यह बात इमरान को भी मालूम है। तभी उन्होंने इस्लामाबाद हाई कोर्ट जाने से ठीक पहले एक विडियो रेकॉर्ड किया, जिसे उनकी पार्टी ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इसमें इमरान कह रहे हैं, 'जब मेरी बातें आप तक पहुंचेंगी, तब तक एक निराधार मामले में मुझे गिरफ्तार किया जा चुका होगा। इससे पता चलता है कि देश में मौलिक अधिकारों और लोकतंत्र को दफन कर दिया गया है। यह इसलिए किया जा रहा है कि क्योंकि वे चाहते हैं मैं उस भ्रष्ट, आयातित सरकार को स्वीकार कर लूं, जो हम पर थोपी गई है।' वह विडियो में पाकिस्तान के लोगों से पूछ रहे हैं कि क्या आप लोग तैयार हैं?

-शायद वह विडियो के जरिये जो मकसद पूरा करना चाहते थे, उसमें सफल भी हो गए, लेकिन पाकिस्तान अराजकता के दलदल में और गहरे धंस गया।

-क्या कोई कल्पना कर सकता है कि जो राष्ट्र दिवालिया होने की स्थिति में पहुंच गया हो, जहां विदेशी आयात हेतु भुगतान के लिए विदेशी मुद्रा भंडार शून्य के करीब पहुंच रहा हो, जिसके राजनेता अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अपने समधर्मी राष्ट्रों के आगे झोली फैलाए घूम रहे हों, उसे सिर्फ इस बात पर अराजकता की आग में झोंक दिया जाए कि किसे सत्ता में रहना है और किसे उससे बाहर रखना है!

-हालांकि पाकिस्तान के लिए यह कोई नई बात नहीं है। उसी देश में जुल्फिकार अली भुट्टो जैसे नेता जितने 2018 में मियां नवाज शरीफ थे। इमरान शायद भूल रहे हैं कि इस्लामाबाद का पॉलिटिकल इस्टैब्लिशमेंट रावलपिंडी के डीप स्टेट के मुकाबले कुछ भी नहीं।

-इसलिए उनकी गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को जो कुछ पाकिस्तान में हुआ, पहली नजर में उसे देखकर लग सकता है कि पाकिस्तान की जनता रावलपिंडी को चुनौती देने में सफल हुई। लेकिन यह मुकम्मल तस्वीर नहीं है।

इसके दूसरे हिस्से में सेना का वह रूप भी हो सकता है, जो चीन के थ्येन आन मन स्क्वायर पर रेड आर्मी का था या वह जो पाकिस्तान में अयूब खान से लेकर मुशर्रफ तक रहा।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि आगे की पटकथा कौन लिखेगा? पाकिस्तान की सेना या जनता? यदि जनता ने लिखा तो पाकिस्तान सेना के 'इतिहास का अंत' हो जाएगा और ऐसा वह किसी कीमत पर होने नहीं देगी।

डीप स्टेट की ताकत

हालांकि, आज की तारीख में इमरान खान पाकिस्तान के अंदर लोकप्रियता में सबसे आगे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह पाकिस्तान की नजीर और व्यवस्था बदल देंगे।

-सच तो यह है कि आज इमरान खान उतने ही कमजोर हैं भी हुए जिन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि हम घास की रोटी खाएंगे, लेकिन परमाणु बम जरूर बनाएंगे। दुनिया देख सकती है कि आज पाकिस्तान घास खाने जैसी ही स्थिति में है।

आगे क्या होगा

फिर भी अभी इमरान खान को लग रहा है कि अपार लोकप्रियता के कारण पाकिस्तान के अंदर कोई उनका रास्ता नहीं रोक सकता। सरकार भी इस स्थिति को समझ रही है। इसलिए वह भी बैकफुट पर है।

-यदि यह मान लिया जाए कि अगला चुनाव जीतकर इमरान खान प्रधानमंत्री बन जाते हैं, तब भी क्या वह सेना से निरंतर टकराव के बीच सत्ता चला पाएंगे? बिल्कुल नहीं।

-इमरान अभी शायद इस भ्रम में हैं कि राजनीतिक तंत्र सैन्य तंत्र पर हावी हो जाएगा या उसे कमजोर कर देगा। ऐसा है तो उन्हें जिन्ना के उस पाकिस्तान की समझ ही नहीं है, जो 75 वर्षों के इतिहास में लगभग आधे समय तक सेना के बूटों के नीचे रहा और शेष समय में सेना के गाइडेंस व चरमपंथियों के प्रभाव में। इमरान खान का निरंतर सेना पर हमला उन्हें लोकप्रिय तो बना रहा है, लेकिन ताकतवर नहीं।

-याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान की न्यायपालिका वहां सैन्य तख्तापलट को सफल क्रांति तक का दर्जा दे चुकी है। ऐसे में इस बात की संभावना अधिक है कि इमरान खान अब लंबे समय तक जेल में रहेंगे।

-सरकार और सेना अगला चुनाव उन्हें जेल में रखकर ही करवाएगी। ठीक वैसे ही जैसे वर्ष 2018 में नवाज शरीफ को जेल में रखकर चुनाव कराए गए थे।

दो संभावनाएं

बहरहाल पाकिस्तान इस वक्त जिस राजनीतिक, आर्थिक और संवैधानिक संकट से गुजर रहा है, उसे देखते हुए वहां दो ही संभावनाएं हैं। पाकिस्तान या तो गृहयुद्ध की आग में झुलसेगा या फौजी बूटों के नीचे कुचला जाएगा। इमरान खान तो इसे समझने से रहे। देखना यह है कि पाकिस्तानी जनता इसे समझ पाती है या नहीं।

कैसा होगा जनादेश?

कर्नाटक के मतदाताओं ने अपना फैसला दे दिया है, जो शनिवार को मतों की गिनती के बाद सामने आ जाएगा। तब तक एग्जिट पोल के नतीजों के सही या गलत होने को लेकर अटकलें चलती रहेंगी। जैसी कि उम्मीद थी, मतदान कमोबेश शांतिपूर्ण रहा। वोटिंग प्रतिशत जरूर थोड़ा कम रहा, लेकिन इतना कम नहीं है कि इसके आधार पर कोई बड़ा नतीजा निकाला जाए। फिलहाल सबकी जिज्ञासा उन्हीं सवालों के इर्द-गिर्द बनी हुई है, जिनके जवाब 13 तारीख को मिलने वाले हैं। अगर उन सवालों को एक तरफ करके बात की जाए तो कर्नाटक विधानसभा के ये चुनाव कई अर्थों में पुरानी रीति-नीति को ही आगे ले जाते दिखे, लेकिन कुछ मायनों में नई रणनीति को आकार देने का मौका बनते भी नजर आए।

उदाहरण के लिए, बीजेपी की तरफ से पिछले तमाम चुनावों की ही तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य चेहरा और सबसे बड़े प्रचारक रहे। यह इस बात के बावजूद हुआ कि कर्नाटक में आम तौर पर चुनावों में प्रदेश नेताओं का बोलबाला दिखता रहा है।

लेकिन खास बात यह रही कि बीजेपी ने इन चुनावों में जीत की अहमियत समझते हुए भी इसमें प्रदेश स्तर पर नया नेतृत्व उभारने पर विशेष ध्यान दिया। येदियुरप्पा की नाराजगी का खतरा उठाकर भी उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के लिए तैयार किया गया और चुनावों के दौरान पर्याप्त महत्व देते हुए भी उन्हें भावी नेता के तौर पर पेश नहीं किया गया। जगदीश शेट्टार जैसे पुराने और प्रभावी नेताओं को गंवाने की हद तक जाकर पार्टी ने नेताओं की नई पांत को सामने लाने की कोशिश की है।

इन प्रयासों के परिणामों का एक हिस्सा 13 मई को भी सामने आएगा, लेकिन पूर्णता में इसके नतीजे अगले कुछ वर्षों में स्पष्ट होंगे, जब प्रदेश नेतृत्व की यह नई पांत पार्टी को धार देने की स्थिति में होगी। जहां तक कांग्रेस की बात है तो हिमाचल प्रदेश की जीत के बाद इसने कर्नाटक में भी चुनाव को यथासंभव स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रखने का प्रयास किया। पार्टी के चुनावी अभियान का संचालन भी लगभग पूरी तरह से स्थानीय नेतृत्व के ही हाथों में दिखा।

मगर बजरंग दल को बैन करने के मुद्दे पर बीजेपी के हमलों के बाद पार्टी ने जिस तरह से पलटी खाई, वह बताता है कि हिंदुत्व के सवाल पर कांग्रेस अपनी इस दुविधा से अभी तक नहीं उबर पाई है कि आक्रामक रवैया रखना है या रक्षात्मक। 2024 लोकसभा चुनाव करीब आ रहा है। इसलिए उसके पास अब ज्यादा समय नहीं है। बहरहाल, इस दौर की लड़ाई के नतीजों के लिए 13 मई का इंतजार तो सबको है।

डीयू के एडहॉक टीचरों में क्यों छाई मायूसी

अजीब बात है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में एक दशक से भी ज्यादा इंतजार के बाद असिस्टेंट प्रफेसर की स्थायी नियुक्तियां शुरू हुईं और इससे उम्मीद, खुशी का माहौल बनने के बजाय नाराजगी, आशंका और मायूसी का भाव फैलता दिख रहा है। नियुक्ति प्रक्रिया में पक्षपात और धांधली के आरोप अपने देश में नए नहीं हैं। इसलिए अगर बात उतनी ही होती तो शायद मामला इतना तूल न पकड़ता। लेकिन जितने बड़े पैमाने पर असंतोष देखा जा रहा है, उससे कई सवाल खड़े होते हैं।

आगे बढ़ने से पहले, एक बार उस पृष्ठभूमि को समझ लेना बेहतर होगा जिसमें मौजूदा नियुक्ति प्रक्रिया चलाई जा रही है।

-डीयू में इक्का-दुक्का अपवादों को छोड़ दिया जाए तो 2010 के बाद से शिक्षकों की स्थायी भर्तियां नहीं हुई हैं।

-उनकी जगह एडहॉक टीचरों से काम चलाया जा रहा है जिनकी तनख्वाह असिस्टेंट प्रफेसर के शुरुआती वेतन के बराबर होती है लेकिन ग्रैच्युटी, पेंशन जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं।

-हर चार महीने पर उनके कार्य की समीक्षा होती है और फिर कॉन्ट्रैक्ट का रीन्युअल होता है।

-ऐसे शिक्षक सिर्फ इस उम्मीद में बरसों से पढ़ाते चले आ रहे हैं कि कभी न कभी उन्हें स्थायी कर दिया जाएगा।

-डीयू में इन एडहॉक शिक्षकों की अच्छी खासी तादाद है। माना जाता है कि मौजूदा टीचिंग वर्कफोर्स का करीब 40 फीसदी एडहॉक ही हैं।

ऐसे में जब पिछले साल डीयू में बड़े पैमाने पर असिस्टेंट प्रफेसरों की स्थायी नियुक्ति की बात चली, तो इन शिक्षकों को बरसों की अपनी उम्मीद पूरी होती नजर आई। करीब 4500 पदों पर नियुक्ति होनी है जिनमें से लगभग 2000 पद भरे जा चुके हैं। बाकी के लिए इंटरव्यू चल रहे हैं। लेकिन जैसा रंग-ढंग इन नियुक्तियों का दिख रहा है, उसमें एडहॉक टीचर्स की यह कम्युनिटी हताश होती जा रही है। पिछले महीने एक एडहॉक टीचर समरवीर सिंह की कथित खुदकुशी को इस बिरादरी में बनते फ्रस्टेशन, गुस्सा और बेबसी का सबूत बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, समरवीर सिंह डीयू के हिंदू कॉलेज में छह साल से फिलॉसफी पढ़ा रहे थे, लेकिन इंटरव्यू में रिजेक्ट किए जाने और फिर कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद डिप्रेशन में चले गए थे। इसे सिर्फ एक उदाहरण या महज संयोग कहकर टाला जा सकता था, लेकिन कई तथ्य हैं जो एडहॉक टीचरों की ओर से लगाए जा रहे पक्षपात और मनमानी के आरोपों को बल प्रदान करते हैं।

-2018 में यूजीसी नियमों में बदलाव के जरिए इंटरव्यू को 100 फीसदी वेटेज दे दिया गया। उससे पहले तक इंटरव्यू को सिर्फ 20 फीसदी वेटेज मिलता था। 80 फीसदी वेटेज पढ़ाने का अनुभव, अकादमिक कार्य और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन को मिलाकर बनता था।

-2018 के इस बदलाव के चलते इंटरव्यू बोर्ड के हाथों में सारी ताकत आ गई। वह प्रत्याशियों के अनुभव, शैक्षणिक योग्यता, अकादमिक शोध आदि तमाम चीजों को दरकिनार कर उसे अयोग्य करार दे सकता है।

आज एडहॉक टीचर्स यही कह रहे हैं कि उनकी सालों की मेहनत, दक्षता और अनुभव को दो-तीन मिनट के इंटरव्यू में खारिज किया जा रहा है। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रशासन इस पूरी कवायद का मकसद एडहॉक टीचर्स को चार महीने के कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम से मुक्ति देना बताता है और यह भी सच है कि नियुक्ति की कोई भी व्यवस्था अपना ली जाए, शिकायतों और आरोपों की गुंजाइश पूरी तरह खत्म नहीं की जा सकती।

फिर भी, प्रत्याशियों की शैक्षणिक योग्यता, अकादमिक कार्य, एडहॉक टीचर के रूप में अनुभव आदि को पर्याप्त वेटेज देकर और नियुक्ति प्रक्रिया को यथासंभव पारदर्शी बनाकर इसे कुछ विश्वसनीयता जरूर दी जा सकती है और डीयू में टीचिंग के काम में अपनी जिंदगी के बेहतरीन साल खपा देने वालों को यह अहसास भी कि सिस्टम की नजरों में उनका योगदान निरर्थक नहीं है।

मार्ग-दर्शन

आत्मा पर टिककर हासिल करें शक्ति

शायद ही कोई ऐसा इंसान हो, जिसे बिना बाधाओं के सफलता मिली हो। समस्याएं, बाधाएं, परेशानियां सफलता के मार्ग पर आएंगी ही। यदि किसी को सीधे सफलता मिल गई तो वह उसे ज्यादा दिन पचा नहीं पाएगा। सफलता के मार्ग पर हुए संघर्ष में मनुष्य अपनी गहराई नाप लेता है। सबकुछ ठीकठाक चलता तो कोई भी अपने भीतर नहीं उतरता। संसार में बड़ा रस है। इस रसपान को करते हुए कोई भीतर क्यों मुड़े, लेकिन जब यह रस गला घोंटने लगता है, तब मनुष्य भीतर उतरता है। इसलिए असफलता के इस दौर में केवल बाहर टिककर निराश न हों। योग की सीढ़ियों से भीतर उतरें, आपको ऊर्जा के भंडार में से यह आवाज सुनाई देगी कि किसी न किसी को तो सफल होना ही है, तो फिर वह हम क्यों नहीं हो सकते। इसी का दूसरा नाम आत्म-विश्वास और उत्साह है। भीतर उतरने वाला व्यक्ति समझ जाता है कि कुछ यात्राएं अकेले ही करनी चाहिए। अध्यात्म में एकांत भी शक्ति देता है। दूसरे लोगों की टिप्पणियां, आलोचनाओं के तीर, निंदाओं के वाक्य आपको थका सकते हैं। इसलिए इन सब में अपनी शक्ति बर्बाद न करें। योग का समय बढ़ा दें, क्योंकि हम बाहर की दुनिया में संघर्ष कर रहे होते हैं शरीर से। ऊर्जा के मामले में शरीर की अपनी सीमाएं हैं। वह थक जाता है, फिर मन भी उसे विचलित करता रहता है। यदि आप शरीर और मन से कट कर आत्मा पर टिक गए तो यहीं से परमात्मा की शक्ति आपके साथ हो लेती है। असफलता के बाद फिर एक नई यात्रा शुरू होती है, जो सफलता के शिखर पर ही समाप्त होगी।

जीने की राह

इंदिरा गांधी ने की सच्ची समाज सेवा

भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के जीवन का एक प्रसंग है। उन्होंने देश के बंटवारे के दौरान हुए दंगों में बहुतों की जान बचाई थी, किंतु उसके कारण उन्हें हमलावर और उनके शिकार दोनों का ही रोष झेलना पड़ता था। हिंसा के शिकार लोगों का इसलिए कि उनकी बहुत सी परेशानियां और समस्याएं होती थीं, जिनका तत्काल निराकरण नहीं हुआ तो रोष पैदा होता था। महीनों तक शरणार्थियों का अटूट तांता बंधा रहता था। वे रोज सबेरे आठ बजे से एक बजे तक और कई बार दोपहर बाद भी एक के पीछे एक विस्थापितों की टोलियों से मिलतीं। इनमें से ज्यादातर के लिए उनका दुखड़ा सुन लेना ही पर्याप्त होता था। हालांकि कई मामले ऐसे भी होते थे, जिनमें कुछ करना उनके बस में नहीं होता था। इसी भीड़ के साथ आई थी- सत्या। लगभग बीस वर्ष की सत्या एक रेलवे-क्रॉसिंग चौकीदार की बेटी थी। बचपन में रेलगाड़ी के नीचे आ जाने से उसके दोनों पैर जांघों के पास से कट गए थे। हाथों के बल घिसटना उसके लिए चलने का एकमात्र तरीका था, जिससे उसका शरीर बेढंगा हो गया था। उसकी मदद करने का एकमात्र तरीका था- कृत्रिम पैर लगवाना। इंदिरा गांधी ने पता किया कि पूना का कृत्रिम अवयव केंद्र यह काम कर सकता है, किंतु वह केवल सेना के लोगों के लिए था। उस समय देश में यह काम करने वाली वह एकमात्र संस्था थी। तब के रक्षामंत्री सरदार बलदेवसिंह को मनाने में उन्हें महीनों लग गए, किंतु अंतत: संस्था के दरवाजे गैर फौजियों के लिए खुल गए। सत्या को पूना केंद्र में भर्ती करने की अनुमति मिल गई। कुछ समय बाद उसे चलते देख इंदिरा गांधी को रूहानी खुशी हुई। असहायों की सहायता अंतिम सीमा तक जाकर करने वाला सच्चा समाज सेवक होता है और ऐसी समाज सेवा से समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक मदद पहुंचती है।

दैनिक पंचांग

13 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	05.32 बजे से
चंद्र	कुंभ में	मिथुन	07.30 बजे से
मंगल	कर्क में	कर्क	09.43 बजे से
बुध	मेष में	सिंह	11.59 बजे से
गुरु	मेष में	कन्या	14.11 बजे से
शुक्र	मिथुन में	तुला	16.22 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	18.37 ब.से
राहु	मेष में	धनु	20.53 बजे से
केतु	तुला में	मकर	22.58 बजे से
राहुकाल	9.00 से 10.30 बजे तक	कुंभ	00.44 बजे से
		मीन	02.17 बजे से
		मेष	03.48 बजे से

शनिवार 2023 वर्ष का 133 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 06.51 बजे तदनन्तर नवमी 04.43 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 11.35 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 09.22 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 06.51 बजे, तैतिल 17.46 बजे तदनन्तर गर 04.43 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 16' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871612 **जूलियन दिन** 2460077.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सव्वाल **तारीख** 22

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
काल	05.55 से	07.23 बजे तक		लाभ	05.37 से	07.10 बजे तक	
शुभ	07.23 से	08.51 बजे तक		उद्वेग	07.10 से	08.42 बजे तक	
रोग	08.51 से	10.19 बजे तक		शुभ	08.42 से	10.14 बजे तक	
उद्वेग	10.19 से	11.46 बजे तक		अमृत	10.14 से	11.47 बजे तक	
चर	11.46 से	01.14 बजे तक		चर	11.47 से	01.19 बजे तक	
लाभ	01.14 से	02.42 बजे तक		रोग	01.19 से	02.51 बजे तक	
अमृत	02.42 से	04.10 बजे तक		काल	02.51 से	04.23 बजे तक	
काल	04.10 से	05.37 बजे तक		लाभ	04.23 से	05.56 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आपका राशिफल 13 मई

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ

रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ ये पो

शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य ती यू

स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

मकर भे जा जी खी खू खे खो गा गी

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-4-6

कुंभ गू गे गो सा शी सू से सो ढा

शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

प्रसंगत: साहस और संकल्प

मगध सम्राट कुमारगुप्त का पुत्र स्कंदगुप्त जब किशोर ही था, तब उसे पता चला कि हूण बार-बार भारत पर आक्रमण करते हैं और युद्ध के नियमों के विपरीत छल का सहारा लेकर भारी नुकसान पहुंचाते हैं। स्कंदगुप्त से देश का अपमान देखा न गया। उसने पिता से आग्रह किया कि उसे हूणों पर आक्रमण की आज्ञा दी जाए। पिता बड़े असमंजस में थे क्योंकि एक तो स्कंदगुप्त अभी किशोर ही था, शारीरिक बल और युद्ध कौशल की दृष्टि से उसे अभी बच्चा ही कहा जा सकता था। दूसरे, हूणों का क्षेत्र बहुत दूर था। हिमाच्छादित पहाड़ों की चोटियां पार कर के वहां जाना होता था। ऐसे दुर्गम मार्ग को पार करना सेना के लिए भी कठिन था, फिर हूण युद्ध में धोखे से ही काम लेते थे। ऐसी स्थिति में उसे आक्रमण की आज्ञा कैसे दी जाए? लेकिन कुमारगुप्त अपने पुत्र की देशभक्ति और साहस देखकर झुक गए। उन्होंने उसे चढ़ाई की आज्ञा दे दी। स्कंदगुप्त दो लाख सैनिक लेकर चल पड़ा। पंजाब से आगे बढ़कर हिमाच्छादित चोटियों को पार करती हुई उसकी सेना हूणों के इलाके में पहुंची और इस वीरता के साथ लड़ी कि शत्रुओं के छक्के छूट गए। उन्हें परास्त होना पड़ा। इस तरह स्कंदगुप्त ने आज के ईरान और अफगानिस्तान तक अपना राज्य कायम किया। इस विजय अभियान के बाद जब स्कंदगुप्त भारत लौटा तो उसके स्वागत में मगध से पांच कोस तक मार्ग सजाए गए और पूरे देश में विजयोत्सव मनाया गया। सबने स्वीकार किया कि साहस और संकल्प से कोई भी कठिन लड़ाई जीती जा सकती है।

RNI Title Code - JHAHIN01027 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा माँ भवानी आर्ट भागलपुर रोड नीयर सिनेमा हॉल दुधानी दुमका से मुद्रित एवं झारखंड देखो कार्यालय मजिस्ट्रैट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से प्रकाशित प्रधान संपादक डॉ. सिकंदर कुमार (मो. नं. 9955599136)
(इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने गांव बतौड़ में बरवाला से बतौड़ तक सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर किया विधिवत शुभारंभ

हरियाणा/चंडीगढ़,।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज गांव बतौड़ में बरवाला से बतौड़ तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर विधिवत शुभारंभ किया। लगभग 500 मीटर की है सड़क 51.86 लाख रुपये की लागत से लगभग 4 महीने में बनकर तैयार हो जायेगी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री गुप्ता ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है और इससे आस पास के गांव के लोगों का आवागमन और सुगम होगा।

गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये और तय समय में सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जाये ताकि लोगों को इस सड़क का लाभ मिल सके। श्री गुप्ता ने कहा कि गांववासी स्वयं भी निर्माण कार्य की निगरानी रखें और यदि किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें। इसके अलावा वे उन्हें भी इस संबंध में अवगत करवा सकते है। उन्होंने कहा कि एक लोकतंत्र में जनता का जागरूक होना आवशयक है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गांव बतौड में विकास की दृष्टि से अनेक कार्य करवायें गये है। उन्होंने बताया कि गांव बतौड़ के राजकीय स्कूल को दसवीं से बाहरवीं के संस्कृति मॉडल स्कूल के रूप में अपग्रेड करवाया गया। उन्होंने कहा कि इस स्कूल ने गांव ही नहीं बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। दसवीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा जबकि बाहरवीं कक्षा का परिणाम 95 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई का यह स्कूल आज निजी स्कूलों से किसी भी तरह से पीछे नहीं है। इसके लिये उन्होंने स्कूल के प्रिंसीपल श्री जितेंद्र शर्मा को बधाई दी। जिस समय यह स्कूल आरंभ हुआ था उस समय विद्यार्थियों की

संख्या 300 थी जो अब बढ़कर 1200 हो गई।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गांव में शहरों की तर्ज पर विकास करवाया जा रहा है। वर्ष 2014 से पूर्व गांव में केवल 8 से 10 घंटे बिजली आती थी परंतु आज गांव में भी 24घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिये 50 नये पानी के ट्यूब्वैल लगाये गये है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हाल ही में पंचकूला विधानसभा क्षेत्र में नई सड़कों के निर्माण व मौजूदा सड़कों की मरम्मत के लिये 28 करोड़ रुपये स्वीकृत किये है, जिसके लिये वे उनका धन्यवाद करते है। इसी प्रकार बरवाला से डेराबस्सी की सडक का निर्माण कार्य भी अगले सप्ताह आरंभ हो जायेगा। टोका से खेत पराली तक सड़क के लिये टेंडर हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने घोषणा की है कि प्रदेश के गांव में जितने भी गौहर है उन्हें पक्का किया जायेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि उन्होंने गांव बतौड़ के 11 गौहरों को पक्का करने के लिये भी कहा है।

श्री गुप्ता ने कहा कि उन्होंने पंचकूला को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है और यह लोगों की सहभागीता के बिना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से आ''ान किया कि वे यदि अपने आस पास किसी को नशा करते व बेचता पाये तो तुरंत इसकी सूचना दें ताकि युवाओं के जीवन से खेलने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसे असामाजिक ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है जो देश की युवा शक्ति को नशे में धकेल कर भारत को कमजोर करना चाहती है।

इस अवसर पर जेजेपी के जिला प्रधान दिलबाग सिंह नैन, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद, उपाध्यक्ष सुशील सिंगला, बरवाला मंडलाध्यक्ष गौतम राणा, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमरीक सिंह, बीडीसी बरवाला के चेयरमैन राजीव राठौर, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन अशोक शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बतौड के प्रिंसीपल जितेंद्र शर्मा के अलावा संदीप राणा, रविंद्र बतौड, लक्ष्मण बतौड, राजबीर राणा सहित गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

गुरू नानक हाई स्कूल, हरयोली में मातृ दिवस मनाया गया,बच्चो की माताओं को स्कूल में सम्मानित किया गया

हरियाणा/चंडीगढ़,। आज गुरू नानक हाई स्कूल, हरयोली में मातृ दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बच्चो की माताओं को स्कूल में बुलाकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियो ने डांस, कविता और भाषण जैसी गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। बच्चो द्वारा अपनी माताओं के लिए मदर्स डे कार्ड तैयार किए गए और माताओं को भेंट किए गए। विद्यालय के प्रबंधक श्री अनिल कुमार और सभी स्टाफ मेंबर्स द्वारा सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

चंडीगढ़ प्रशासन ने कसा शिकंजा सवारी ढोते प्राईवेट नंबर कार, बाईक पर शुरू कार्यवाही

हरियाणा/चंडीगढ़,। चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट विभाग के पास बहुत छोटी टीम होने के बावजूद भी रविन्द्र सिंह सैनी की अगुवाई में गैरकानूनी आवागमन साधनों पर बड़ी कार्रवाई की जा रही है। जो की काफी सहरानीय कार्य हो रहा है। सवारी ढोते प्राईवेट नम्बर साधन कार, बाईक के 11 हजार रू तक के चालान काटे। ये कार, बाईक गैरकानूनी ऐप्स इंन ड्राइवर, बला बला आदि के द्वारा सवारी बुक कर सवारी ढोते है। यह कार्य ऐप्स व प्राईवेट वाहन के पुर्णतः गैरकानूनी है। ऐप्स प्राईवेट नम्बर वाहनों को अपने कार्य से जोड़ कर सवारीयो के किसी भी तरह की दुर्घटनाओं का सीधा न्यौता दे रहे है। इस कार्य को ऐप्स के कमिशन एजेंट चंडीगढ़ 43 बस स्टैंड के इर्दगिर्द से बिठा करते हैं, इन पर भी चण्डीगढ़ प्रशासन को शिकंजा कसना चाहिए, प्राईवेट साधनों के ऐप्स से जुडने के कारण टैक्स भर कार्य करने वाले कैब ड्राइवर का बहुत शौषण हो रहा है।कैब ड्राइवर अपनी गाड़ी की किस्त, टैक्स व अपने घरों के खर्च निकाले में असमर्थ हो रहे है, इन सब विषयों को लेकर गृह सचिव नितीन कुमार यादव चण्डीगढ़ से मिले थे उन्होंने आश्वाशन दिया था कि गैरकानूनी कार्य पर जल्दी रोक लगाई जाऐगी। लेकिन ट्रांसपोर्ट विभाग के पास अफसरों की कमी चलते हुए इस कार्य पर पूरी तरह से रोक नहीं लगी। इस कार्य में कैब आपरेटर अमनदीप सिहं, गगन दीप सेखों, हरविंदर सिंह, सोमवीर सिंह वा आदि अन्य ड्राइवर इस कार्य में बढ़चढ़ कर कार्य कर रहे है ताकि इन समस्याओं पर हरियाणा कैब ऐसोसिएशन पंचकूला, कैब ओपरेटर सोसल वैलफेयर ऐसोसिएशन चण्डीगढ़, ट्राई सिटी पंजाब कैब ऐसोसिएशन ने सुझाव भी दिया है। जैसे पब्लिक प्लेस17, 43 बस स्टैंड, 22 सैकटर आदि स्थानों पर नोटिस जारी करें कि गैरकानूनी ऐप्स व प्राईवेट साधनों को उपयोग करने से पब्लिक जोखिम ना उठाएं। उन्होने कहा की वह प्रशासन से मांग करते हैं कि ट्रांसपोर्ट विभाग को कुछ दिन के लिए एक बड़ी टीम देकर गैरकानूनी तरीके से चल रहे वाहनों पर रोक लगाई जाए। जल्दी ही मोहाली व पंचकुला प्रशासन भी गैरकानूनी तरीके से चल रहे वाहनों पर लगा सकता है रोक ।

शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 20 पंचकूला का बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन

हरियाणा/चंडीगढ़,।

शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 20 पंचकूला के छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दिखाया है केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं के परिणामों में संस्कृति विद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है । उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय को गत वर्ष सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हुई।

आर्ट्स में माहिका सैनी ने 473 अंक लेकर प्रथम स्थान, सिया गोयल ने 465 अंक प्राप्त कर कर दूसरा स्थान तथा शिवम गोयल ने 464 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजवीर सिंह ने बताया कि यह परिणाम बच्चों की मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन का नतीजा है । 12वीं कक्षा में विद्यालय का ओवरआल परिणाम 94.28 प्रतिशत रहा ।12वीं कक्षा में 175 बच्चों ने परीक्षा दी जिनमें से 165 बच्चों ने परीक्षा को अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण किया ।विद्यालय के छात्रों में 44 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया और 99 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से 12वीं परीक्षा पास की ।

विद्यालय प्राचार्य डॉ राजवीर सिंह ने दसवीं के परिणामों के बारे में बताया कि दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का परिणाम 99 प्रतिशत रहा । दसवीं कक्षा में रचित पांडे प्रथम शिवांगी पांडे द्वितीय और मुकेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया दसवीं कक्षा में कुल 102 बच्चे परीक्षा में अपीयर हुए जिनमें से 101 ने परीक्षा को अच्छे नंबरों से पास किया इनमें 15 मेरिट तथा 48 प्रथम श्रेणी से पास हुए ।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 16 मई को सुबह 11:30 बजे की जाएगी आयोजित

हरियाणा/चंडीगढ़,।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 16 मई को सुबह 11:30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर-96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए निगम के प्रवक्ता ने बताया की उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे जिनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं। बहरहाल, मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुर्माना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ अवशय उठाएं।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने पंचकूला को सुंदर बनानें के लिए चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

हरियाणा/चंडीगढ़,।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज लोक निर्माण विभाग के विश्राम ग्रह सैक्टर-1 में पंचकूला को सुंदर बनानें के लिए चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को 5 जून तक कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक मे नगर निगम के महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर भी उपास्थित थे।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि 5 जून तक विकास कार्य पूरे हो जाने चाहिए और सभी नगर निगम के पार्षदों को अपने अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य को स्वयं

निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

श्री गुप्ता ने ग्रिल और पैंटिंग की मरम्मत, लाईट और तिरंगा लाईट, रोड गुली, कर्ब स्टोन और पैंटिंग अर्थ फिलिंग, गोल चक्कर, शहर की प्रत्येक सडक से कूडा ककर्ट साफ करना, सडक किनारे लगे हुए वर्क्षो की कंटिंग करना, बीएसएनएल के टूटे हुए बाक्स और इनका रख रखाव, पोल पर लटकी हुई तारों को हटाना, शहर के विभिन्न चैंको पर लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरूस्त करना, सडक के किनारे फुटपाथ पर ईंटर लोकिंग टाइल लगाना, बस स्टाप की रिपेयर करना, दीवारों पर पैंटिंग को दुरूस्त करना, शहर में लगे स्वागत द्वार की मरम्मत, शहर से अवैध अतिक्रमण हटाना, सडक को साफ करने वाली मशीन का शैडयूल बनाना, शहर मे लगे फववारों की मरम्मत करना, सडकों की रिकार्पेटिंग और पैस वर्क, साईकिल स्टैंडों की मरम्मत करना, पब्लिक टायलेट को दुरूस्त करना, सडक किनारे वृक्ष लगाना, रोड हिस्ट्री को राजिस्टर करना तथा अन्य मुददों पर विशेष रूप से समीक्षा की।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को पंचकूला के प्रत्येक सैक्टर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ड्राइव चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होने हार्टिकल्चर के अधिकारियों को भी प्राथमिकता के आधार पर शहर से कुडा कर्कट उठवाने व शहर को साफ सुथरा बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पंचकूला को साफ सुंदर, स्वच्छ व हरा भरा बनाना हमारा लक्ष्य हैं। इसके सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे कार्यो में सभी अधिकारी तेजी लाए और प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा पर कार्यों को पूरा करें। हम सभी के सहयोग से ही पंचकूला साफ सुथरा व देश का नंबर वन शहर बन पाएगा।

इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त श्रीमती ऋचा राठी, नगर निगम के अधीक्षक विजय गोयल, एचएसवीपी के ईओ मानव मलिक, नगर निगम केएसडीओ राजेंश, मनोज, नगर निगम के पार्षद हरेंद्र मलिक, सुरेश वर्मा, ऋचु गोयल, नरेंद्र लुबाना, सोनिया सूद, जय कौशिक, सोनू बिडला, सुनित सिंगला, राकेश बालमिकी, सतबीर चैधरी, सहित नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

युवाओं को निजी क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये उद्योगों की मांग के अनुरूप नये कोर्स किये जाये तैयार : डॉ प्रियंका सोनी

हरियाणा/चंडीगढ़,।

उपायुक्त डॉ प्रियंका सोनी ने निर्देश दिये कि आईटीआई युवाओं को निजी क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये उद्योगों की मांग के अनुरूप नये कोर्स तैयार किये जाये। इसके अलावा ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रतिष्ठित उद्योगपतियों द्वारा लेक्चर का आयोजन किया जाये ताकि युवाओं को सरकारी विभागों के साथ साथ निजी क्षेत्र में भी रोजगार के लिये प्रेरित किया जा सके।

डॉ प्रियंका सोनी आज लघु सचिवाल के सभागार में अप्रेंटिस एक्ट के तहत जिला अप्रेंटिशिप आत्मनिर्भर कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में विभिन्न ओद्योगिक

संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने आईटीआई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे ओद्यौगिक संस्थानों के साथ बैठक कर आधुनिक तकनीक को देखते हुये उद्योगों की मांग के अनुरूप नये कोर्स शुरू करने की संभावनायें तलाशे। उन्होनें कहा कि आज सरकारी के साथ साथ निजी क्षेत्र में भी रोजगार की आपार संभावनायें है और अपने कौशल के दम पर युवा निजी कंपनियों में कार्य कर बेहतर सैलरी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने सरकारी विभागों और निजी कंपनियों में कार्यरत आईटीआई पास युवाओं की सूची आगामी बैठक से पूर्व उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये।

डॉ प्रियंका सोनी ने कहा कि युवाओं का निजी क्षेत्र की ओर रूझान बढ़ाने के लिये आईटीआईज द्वारा युवाओं को विभिन्न ओद्योगिक संस्थानों में दौरा करवाया जाये ताकि वे जान सके कि ओद्योगिक क्षेत्र में उनके लिये रोजगार की क्या क्या संभावनायें हैं । उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का मनोबल भी बढ़ेगा और वे पढ़ाई के साथ साथ उद्योगों की कार्य प्रणाली को भी बारीकी से जान सकेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि कक्षाओं में बच्चों को अपनी ट्रेड के साथ साथ अन्य तकनीकी ज्ञान भी दिया जाये ताकि वे ओद्यौगिक संस्थानों की मांग को पूरा कर सके।

आईटीआई सेक्टर-14 के सहायक अप्रेंटिस सलाहकार/प्रिसीपल यशपाल ढांडा ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से 12 मई 2023 तक 994 अप्रेंटिशिप लगाये गये है, जिसमें 911 सरकारी क्षेत्र, 83 प्राईवेट सेक्टर में और 45 सार्वजनिक क्षेत्र में शामिल है। उन्होंने बताया कि राजकीय आईटीआई पंचकूला 12 सितंबर को जॉब फेयर और मेले का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 133 उम्मीदवारों का चयन किया गया था।

इस मौके पर आईटीआई सेक्टर-14 के सहायक अप्रेंटिस सलाहकार/प्रिसीपल यशपाल ढांडा, जेएपीओ राजबाला, जेएपीओ कालका रजनी, अप्रेंटिस इन्सट्रक्टर सुमन, हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स इंड्रस्टी के प्रधान रजनीश गर्ग, सीबी गोयल, रमेश सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

भारत विकास परिषद शाखा शाहबाद द्वारा पक्षियों को दाना मुहैया करवाने की मुहिम सराहनीयः सह संयोजिका सुमन गर्ग

हरियाणा/चंडीगढ़,। भारत विकास परिषद शाखा शाहबाद द्वारा पक्षियों को दाना मुहैया करवाने के लिए जगह जगह मिट्टी के पात्र रखने का जागरूकता अभियान जोरो पर है सभी पात्रों में पक्षियों के लिए दाना उपलब्ध करवाने की मुहिम की जारी की गई है शाहबाद मारकंडा के मुख्य बाजार, हुड्डा सैक्टर 1 तथा हुड्डा 2 ,देवी मंदिर चौंक सहित अनेक जगह लोग गर्मी के भीषण मौसम में पानी व दाना रख रहे है भारत विकास परिषद शाखा शाहबाद द्वारा पक्षियों को दाना मुहैया करवाने के लिए जगह जगह मिट्टी के पात्र रखे गए तथा सभी पात्रों में पक्षियों के लिए दाना उपलब्ध करवाने की मुहिम में लोगो को जागरूक किया जा रहा है ।भारत विकास परिषद महिला विंग की शाहबाद शाखा की सह संयोजिका सुमन गर्ग ने कहा कि हम सब का प्रथम दायित्व बनता है कि हम सब भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए अपने अपने घरों की छतो पर पानी व दाना अवशय रखे जिससे पुण्य लाभ प्राप्त होगा ।बेजुबान पक्षियों के लिए पीने के कसोरे व खाने के पैकेट शाहाबाद मारकंडा भारत विकास परिषद की महिला सदस्यों द्वारा देवी मंदिर के नजदीक पिक्षयों को पानी पिलाने के लिए मिटटी के कसोरे और खाने के लिया दाने के पैकेट लोगों को वितरित गए। भीषण गर्मी के कारण बेजुबान पक्षी पानी व खाने की चाह में इधर-उधर भटकते फिरते है। इस मौके पर शाखा संयोजिका सुनिधि अरोड़ा, अनु बवेजा,मोनाअरोडा, सुमन गर्ग, विजय सूद, रुचि मित्तल, नीलम छाबड़ा, शशि गुप्ता, प्रतिमा शर्मा, रेणुका बंसल, शाखा अध्यक्ष रवनीश कटारिया, सुनील गुप्ता, दीपक गर्ग आदि मौजूद थे।